दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 04 अक्टूबर-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 285 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3

## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, पत्नी गीतांजलि ने दाखिल की याचिका



नई दिल्ली: पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने इस गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए कोर्ट में ये याचिका दाखिल की है। इस याचिका में केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय को पक्षकार बनाया गया है। ये याचिका गुरुवार की शाम दाखिल की गई है। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने अपनी याचिका में अपने पति की गिरफ्तारी को गैर-कानूनी बताया है। उन्होंने कहा है कि एक हफ्ते बाद भी गिरफ्तारी का कोई आधार नहीं मिल पाया है। ना ही हमें सोनम की कोई जानकारी मिल रही है। उन्होंने कोर्ट से कहा कि इसलिए हैबियस कॉरपस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका दाखिला कर तत्काल रिहाई की मांग की है। उन्होंने कोर्ट से अपनी याचिका पर सोमवार को जल्द सुनवाई की मांग करने की बात कही है।

सोनम वांगचुक की पत्नी ने बीते दिनों एनडीटीवी से खास बातचीत में कई अहम सवाल उठाए थे। उन्होंने उस दौरान कहा था कि चार साल पहले शुरू हुआ था विच हंट। गीताजंलि ने आरोप लगाया था कि खुफिया ब्यूरो ने एफसीआरए को ब्लैकमेलिंग के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। **हिंसा भड़काने के आरोप को किया था खारिज :** सोनम वांगचुक की पत्नी ने सोनम पर हिंसा भड़काने के लगे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।




## डाक बंगले में जब जनप्रतिनिधियों के साथ बैठे पुलिस और प्रशासन के अधिकारी

# किसी ने रखा जाम का मुद्दा तो किसी ने कहा- हाउस टैक्स में हुई है मनमानी तो किसी ने कानून व्यवस्था पर जताई संतुष्टि





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ जिले के अधिकारी रूबरू थे। यहां पर जिल के प्रभारी मंत्रद्धी पूर्व एडीजी असीम अरुण ऑनलाइन रूप से मौजूद थे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ऑनलाइन थे। इस बैठक में विधायक नंदकिशोर गुर्जर मौजूद थे, शहर विधायक संजीव शर्मा मौजूद थे, भाजपा के जिलाध्यक्ष चेनपाल सिंह तथा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी मौजूद थे। बैठक में गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र तथा जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड सहित अन्य अधिकारी भी मौजदू थे।

इस बैठक का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय के साथ व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाना था। बैठक में सभी ने अपने अपने विषयों को रखा। जनप्रतिनिधियों ने जहां ट्रैफिक जाम का मुद्दा रखा वहीं संगठन वालों ने हाउस टैक्स को लेकर अपनी बात रखी। किसी ने सड़क का मामला उठाया और यहां खास बात ये रही कि कानून व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों की रिपोर्ट ओके रही। महानगर अध्यक्ष ने जहां निगम की बैठक में मिनट्स बुक ना मिलने का मामला रखा तो शहर विधायक ने अवस्थापना निधि को लेकर शासनादेश का हवाला दिया। सभी ने अपनी-अपनी बात को रखा और अंत में जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि इस बैठक में जितने भी मुद्दों पर चर्चा हुई उन सभी को अधिकारी नोट कर लें और अगली बैठक में वो इस बात की फीड बैठ लेंगे कि जिन विषयों पर चर्चा हुई उसमें क्या प्रगति रही। एक घंटा पांच मिनट तक चली इस बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग विषयों पर अपनी बात रखी और एक घंटा पांच मिनट की इस बैठक में ये तय हुआ कि बैठकों का यह दौर इस कोर के साथ जारी रहेगा।



### महानगर अध्यक्ष ने रख दिया जब हाउस टैक्स का मुद्दा और रखी जनता की बात

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी इस बैठक में मौजूद थे। सूत्र बताते हैं कि महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने सबसे पहले आरडीसी में गौड़ मॉल के उस रास्ते की बात रखी जिसे ह्यनो व्हीकल जोनह्व घोषित किया है। उन्होंने कहा कि जीडीए इस रास्ते को जनता के लिये खोले। उसके बाद मयंक गेयल ने बढ़े हुए हाउस टैक्स का मुद्दा रखा। उन्होंने कहा कि जब निगम की बोर्ड बैठक में इसके निरस्त होने का का प्रस्ताव पारित हो गया तो फिर मिनट्स बुक आज तक पार्षदें को क्यों नहीं मिली। उन्होंने कहा कि यह जनता से जुड़ा मामला है और इसका असर आम जनता पर पड़ रहा है। आम जनता पर ये बोझ ठीक नहीं है। कॉमर्शियल टैक्स हो तो देखा जाए लेकिन यहां तो सीधे-सीधे जनता प्रभावित हो रही है।

### जब प्रभारी मंत्री और शहर विधायक ने जताई मयंक की बात पर सहमति

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने नगर निगम का वो मुद्दा सामने रख दिया जो इस समय सबसे बड़ा मुद्दा बन रहा है। उन्होंने प्रभारी मंत्री को बताया कि जो प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हुआ उस बैठक की मिनट्स बुक पार्षदों को क्यों नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स में यह वृद्धि आम जनता पर बोझ है और इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। सबसे बड़ी बात ये है कि यह प्रस्ताव बोर्ड में निरस्त हुआ है। सूत्र बताते हैं कि यह सुनकर प्रभारी मंत्री असीम अरुण भी चौंके और उन्होंने कहा कि यह मुद्दा तो जनता का मुद्दा है। इसके बाद शहर विधायक संजीव शर्मा ने भी आम जनता पर बोझ वाली बात पर सहमति जताई और कहा कि यह ठीक नहीं है और उन्होंने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि जिस बैठक में बढ़े हुए गृह कर का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हुआ उस बैठक में मैं भी मौजूद था। शहर विधायक ने प्रभारी मंत्री को बताया कि वह विधायक होने के नाते नगर निगम के सदन के पदेन सदस्य हैं और उनकी मौजूदगी में यह प्रस्ताव निरस्त हुआ था।

### दिल्ली-सहारनपुर हाईवे का मुद्दा रखा लोनी विधायक ने

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर इस बैठक में मौजूद थे। उन्होंने सबसे पहले टूटी सड़कों का मामला उठाया और उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था तो ठीक है और फिर उन्होंने पीडब्ल्यूडी के विषय पर खुद को फोकस किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की हालत बेहद खराब है। यह जनता का मुद्दा है और इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बड़ी आबादी इससे प्रभावित हो रही है। लोनी विधायक ने ट्रैफिक व्यवस्था का मामला रखा और पुलिस व्यवस्था को लेकर वह संतुष्ट दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सड़कें टूटी हैं उन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

### जब विधायक ने कहा- पटवारी नहीं निभा रहे हैं ठीक से जिम्मेदारी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इस बैठक में क्रांतिकारी विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपने ज्ञात अंदाज में नजर आए। उन्होंने कहा कि मैं तीन बार आराम से अपनी बात कहता हूं और फिर चौथी बार में किसी की नहीं सुनता हूं। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उसके बाद उन्होंने कहा कि लोनी में कोई गलत काम नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोनी में पुलिसिंग व्यवस्था तो ठीक है, लेकिन तहसील की बात पर उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत की कि पटवारी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि पटवारी को चिन्हित कर लिया गया है और जल्द ही इस पर कार्यवाही होगी।

### प्रभारी मंत्री बोले- होगा सभी के कल्याण की मंशा के साथ काम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रभारी मंत्री असीम अरुण डाक बंगले वाली बैठक में ऑनलाइन मौजूद थे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के विषयों को सुना, अधिकारियों की बात को सुना और उन्होंने कहा कि सभी के कल्याण की मंशा के साथ काम होना चाहए। भ्रष्टाचार के लिये कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि अगली बार जब बैठक हो तो आज के मुद्दों की रिपोर्ट भी अधिकारी साथ लेकर आएं। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों के कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। वहीं हम इस बात पर भी नजर रख रहे हैं कि किसी भी उद्योग में किसी भी प्रकार से लेबर का शोषण नहीं होना चाहिए। हमारी नीति इस तरह से होना चाहिए कि दोनों का कल्याण हो और सरकार दोनों के फेवर में काम करें। पुलिसिंग को और अधिक मजबूत करना होगा और अधिक विकसित करना होगा।

### जिलाध्यक्ष ने उठाया अवैध मजार का मुद्दा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चेनपाल सिंह भी मौजूद थे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने अवैध मजार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यूपीसीडा में अवैध मजार बनाई गई है। उन्होंने कहा कि इस मजार को लेकर हिंदू अपना दावा कर रहे हैं और मुस्लिम अपना दावा कर रहे हैं। यह मजार यूपीसीडा की जमीन पर है और उन्होंने कहा कि यह अवैध है। जिलाध्यक्ष ने स्थानीय चौकी इंचार्ज की भूमिका को लेकर कहा कि वह उपनिरीक्षक ठीक नहीं है और उन्होंने कहा कि उनके मिसबिहैव की शिकायते हैं।

### अवस्थापना निधि को लेकर शहर विधायक ने बताया शासनादेश

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा ने इस बैठक में अवस्थापना और वित्त दोनों के फंड को जनहित में खर्च किये जाने की बात रखी। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि नगर निगम की अवस्थाना निधि और वित्त आयोग के पैसे को खर्च करने से पहले जनप्रतिनिधि यानी विधायकों की राय भी ली जाए। उन्होंने कहा कि अवस्थापना निधि और वित्त का पैसा विधायकों की राय से ही खर्च किया जाए। वो किस मद में खर्च हो रहा है इसकी जानकारी विधायकों को जरूर होनी चाहिए। शहर विधायक ने यहां शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि अवस्थापना और वित्त के पैसे को लेकर ये स्पष्ट शासनादेश है कि इस विषय पर स्थानीय विधायक और सांसदों की राय जरूर ली जाए।

## बरेली बवाल को लेकर गाजियाबाद में रहा हाई अलर्ट संवेदनशील इलाकों में तैनात रहा भारी पुलिस बल



### घंटाघर कोतवाली, लोनी, मसूरी, खोड़ा और साहिबाबाद में भी पुलिस रही मुस्तैद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बरेली में हुए हालिया बवाल के बाद शुक्रवार को पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन—सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात—में पुलिस अधिकारी सुबह से ही अलर्ट मोड पर रहे।

मसूरी, लोनी, साहिबाबाद से लेकर घंटाघर कोतवाली तक पुलिस बल तैनात रहा। तो वहीं खोड़ा और मुरादनगर में भी पुलिस एक्टिव रही।



### अधिकारियों ने पैदल गश्त में लिया भाग

करंट क्राइम। शुक्रवार अलर्ट को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी, एसीपी से लेकर थाना प्रभारी स्तर तक के अधिकारी पैदल गश्त पर निकले। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट और असलाहों से लैस पुलिस बल ने निगरानी रखी। खासकर घंटाघर कोतवाली, लोनी, खोड़ा कॉलोनी और साहिबाबाद इलाके में पुलिस का कड़ा पहरा रहा।

### सोशल मीडिया पर रही निगरानी

करंट क्राइम। सोशल मीडिया और ड्रोन की मदद से भी हर गतिविधि पर नजर रखी गई। एडिशनल सीपी मुख्यालय केशव चौधरी ने बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और ड्रोन सर्विलांस के चलते हालात पर लगातार नजर रखी गई। तो डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी और एसीपी ग्रामीण ने भी पुलिस बल के साथ संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया। उन्होंने आमजन को आश्वस्त किया कि आगामी त्योहारों और शुक्रवार की नमाज के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहेगी। नतीजा यह रहा कि गाजियाबाद में शुक्रवार का दिन पूरी तरह शांतिपूर्ण बीता।

# इससे ज्यादा समस्या क्या होगी बड़ी, गंदगी के ढेर पर खड़ी है प्रहलाद गढ़ी

उदयवीर सिंह

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मामला प्रहलाद गढ़ी के वार्ड-36 का है। दरअसल यहां विकास शुरू हुआ था और विकास ने पानी का निकास रोक दिया और अब आलम ये है कि यहां लोगों के आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है।



सड़क पर सीवर लाइन का पानी है और प्रहलाद गढ़ी गंदगी के ढेर पर है। अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं और क्षेत्र के लोग बताते हैं कि पार्षद से कई बार कहा, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

मामला प्रहलाद गढ़ी इलाके का है। बताते हैं कि तीन महीने पहले यहां सीवर लाइन का काम शुरू हुआ था। सीवर लाइन के लिये सड़क की खुदाई शुरू हुई। सीवर लाइन का काम देख रहे कर्मचारियों ने सड़क किनारे लोगों के चलने के लिये जगह ही नहीं छोड़ी और सड़क खोद दी।

पहले तो चलना दुश्वार था और यहां लोगों के साथ सितम ये हुआ कि इसी दौरान बारिश आ गई। बारिश के चलते पूरे रास्ते पर पानी भर गया और काम कर रहे कर्मचारी जल भराव में ही कॉलोनी को छोड़कर चले गये। लोगों को नहीं पता था कि विकास अपने साथ इतनी बड़ी मुसीबत भी लाता है। लोगों के आने जाने का रास्ता बंद है। जिस क्षेत्र की ये बात हो रह ही है वो प्रहलाद गढ़ी मेन मार्किट का इलाका है। सड़क खुदी हुई है और यहां पानी भरा हुआ है। जिसके चलते बाजार बंद हैं, इस क्षेत्र के बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि हमने क्षेत्रीय पार्षद से अपनी समस्या रखी थी मगर कोई समाधान नहीं हुआ। यहां की पार्षद प्रतिभा शर्मा हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि उनसे कई बार कहने के बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। समस्या का समाधान नहीं हुआ और अब पूरी प्रहलाद गढ़ी के लोग इस सीवर लाइन की खुदाई के चलते परेशान हैं।

### इस तरह से टाल रहे हैं अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सरकार के काम से जनता को परेशानी होती है तो होती रहे। अधिकारी पूरे मामले को एक-दूसरे पर टालते हैं। प्रहलाद गढ़ी में सीवर लान का पानी भारा है और यहां पर भाजपा की क्षेत्रीय पार्षद से लोग कह चुके, कोई सुनवाई नहीं हुई और सबसे बड़ी बात ये है कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को बारी-बारी से एक-दूसरे पर टाल रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साहिबाबाद ब्यूरोचीफ उदयवीर सिंह ने जब जनता की इस समस्या को लेकर अधिकारियों से बात की तो वो सब एक-दूसरे पर टालते नजर आए। जब इस मामले में उन्होंने नगर निगम के जोनल प्रभारी सुनील राय से बात की तो उन्होंने इस पूरे मामले को निर्माण विभाग का मामला बताकर अपना पल्ला झाड़ा। उन्होंने कहा कि यह निर्माण विभाग की जिम्मेदारी है और निर्माण विभाग ही बेहतर बता सकता है, हमसे इसका कोई मतलब नहीं है, जोनल प्रभारी ने कहा निर्माण की जिम्मेदारी है।

इस पर दैनिक करंट क्राइम ने कहा कि जब निर्माण विभाग के जेई संजय गंगवार से बात की तो उन्होंने इस पूरे मामले को सीवर वालों पर डाल दिया। निर्माण विभाग के अवर अभियंता संजय गंगवार ने कहा कि हमारा सीवर के इस काम से कोई लेना-देना नहीं है ये हमारे विभाग का मामला नहीं है। इसे तो सीवर विभाग वाले ही बेहतर जानते हैं। उन्होंने कहा कि जिसने ये सड़क खोदी है वो ही इसे बनाएगा। जोनल प्रभारी ने निर्माण पर टाला, निर्माण ने सीवर पर टाला और दैनिक करंट क्राइम ने फिर इसके लिये सीवर वालों को ही फोन मिला डाला।

सीवर विभाग के अवर अभियंता सौमेंद्र तोमर से बात हुई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पाइप लाइन का निर्माण पूरा हो जाएगा। जब करंट क्राइम ने समय अवधि पूछी तो अवर अभियंता ने कहा कि एक-दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। करंट क्राइम ने जब पूछा कि इतनी बड़ी पाइप लाइन का काम एक-दो दिन में कैसे पूरा हो सकता है तो इस सवाल पर सीवर विभाग के अवर अभियंता ने फिर से बैक गियर डाला और कहा कि पानी भरा है जल्द ही हो जाएगा। जल्दी ही करवा देंगे और फिर वो एक-दो दिन वाली बात से जल्दी करवाने वाली बात पर आ गए। लोग परेशान हो रहे हैं। सड़क खुद चुकी है, चलने का रास्ता नहीं है और सरकारी विभाग के कर्मचारी इस तरह से एक-दूसरे पर टाल रहे हैं। जोनल प्रभारी ने कहा मेरी जिम्मेदारी नहीं है, निर्माण वालों ने कहा-सीवर वाले देखेंगे और सीवर वाले पहले एक दिन की बात कर रहे थे, फिर दो दिन की बात बोले और फिर टाइम लिमिट ही नहीं बताई।

# युवाओं को तोहफा देंगे प्रधानमंत्री मोदी, 62000 करोड़ की योजनाएं करेंगे लॉन्च, बिहार पर रहेगा फोकस

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को युवाओं और शिक्षा से जुड़ी कई बड़ी योजनाओं की सौगात देंगे। इन योजनाओं का विशेष फोकस बिहार पर रहेगा। जिसमें पीएम-सेतु, स्किल लैब्स, पटना का नया कैंपस भी शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को युवाओं और शिक्षा से जुड़ी कई बड़ी योजनाएं शुरू करने वाले हैं। इन योजनाओं की कुल लागत 62,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। सरकार का कहना है कि इससे युवाओं की पढ़ाई, स्किल ट्रेनिंग (कौशल विकास) और रोजगार के मौके बढ़ेंगे।



### पीएम-सेतु योजना (60,000 करोड़ का निवेश)

पीएम मोदी 'प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई (पीएम-सेतु)' नाम की नई योजना लॉन्च करेंगे। इसके तहत देशभर के 1,000 सरकारी आईटीआई कॉलेज आधुनिक बनाए जाएंगे। इसमें 200 आईटीआई 'हब' होंगे और 800 आईटीआई उनसे जुड़े रहेंगे। हर हब में नई तकनीक, डिजिटल लर्निंग, इनोवेशन सेंटर, ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स और प्लेसमेंट सर्विस होगी। इसे वर्ल्ड बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक भी सहयोग देंगे। पहली कड़ी में बिहार के पटना और दरभंगा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### स्किल लैब्स और स्कूलों में प्रशिक्षण

34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 400 नवोदय विद्यालय और 200 एकलव्य मॉडल स्कूलों में 1200 स्किल लैब्स खोली जाएंगी। इसमें बच्चों को 12 प्रमुख सेक्टर जैसे आईटी, ऑटोमोबाइल, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन में ट्रेनिंग मिलेगी। इसके लिए 1200 विशेष शिक्षक भी तैयार किए जाएंगे।

### एनआईटी पटना का नया कैंपस (बिहटा)

पीएम मोदी एनआईटी पटना का बिहटा कैंपस देश को समर्पित करेंगे। इसमें 6500 छात्रों की क्षमता है। यहां 5ॠप्रयोगशाला, इसरो के साथ बना स्पेस रिसर्च सेंटर और इनोवेशन सेंटर है, जिसने पहले ही नौ स्टार्टअप्स को सहयोग दिया है।

### बिहार पर खास फोकस

- बिहार चुनाव से पहले युवाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की जाएंगी।
- मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना- हर साल पांच लाख ग्रेजुएट युवाओं को दो साल तक 1000 मासिक भत्ता और मुफ्त स्किल ट्रेनिंग।
- बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (नया रूप)- छात्रों को चार लाख रुपये तक का बिना ब्याज शिक्षा ऋण मिलेगा। अब तक 3.92 लाख छात्रों ने 7880 करोड़ के लोन लिए हैं।
- बिहार युवा आयोग- 18 से 45 साल तक के युवाओं के लिए आयोग बनेगा, जिससे उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का सही उपयोग हो सके।
- जननायक कपूरी ठाकुर स्किल यूनिवर्सिटी- यह यूनिवर्सिटी युवाओं को उद्योग आधारित कोर्स और व्यावसायिक शिक्षा देगी।

# दंगों के गुनहगारों पर इतनी लाठियां बरसेंगी कि सात पुश्तें दंगा करना भूल जाएंगी मंत्री ने दिया बयान

**लखनऊ।** अमेठी के गौरीगंज में भाजपा जिला कोर कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें यूपी सरकार के मंत्री व कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक के बाद यूपी सरकार के मंत्री ने बयान दिया।

अमेठी के गौरीगंज स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में शुक्रवार को भाजपा जिला कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्यमंत्री एवं तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह, अमेठी प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री समेत भाजपा और संघ के पदाधिकारी तथा जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा हुई। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भी विस्तृत विमर्श हुआ। अधिकारियों और पदाधिकारियों ने कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति साझा की।



बैठक के बाद स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बरेली में हुए दंगे पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि सरकार अपराध और अराजकता फैलाने वालों पर किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगी। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा, ह्लदंगों में शामिल हर गुनाहगार को कड़ी सजा दी जाएगी और ऐसे लोगों पर इतनी लाठियां बरसेंगी कि आने वाली पुश्तें भी दंगा करना भूल जाएंगी।

मंत्री ने आगे कहा कि अमेठी में विकास की गति तेज करने के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार एक ओर जहां कानून व्यवस्था को मजबूत बना रही है, वहीं दूसरी ओर विकास कार्यों और सामाजिक कार्यक्रमों को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

# 'मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए ठहराया जाए जवाबदेह' पीओके में पाकिस्तान सेना की बर्बरता पर भारत



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पाकिस्तानी सेना के बर्बरता पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान को मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इसके साथ ही मंत्रालय के प्रवक्ता ने कई अहम सवालों के जवाब दिए हैं।

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना की तरफ से निर्दोष नागरिकों पर की गई बर्बरता भी शामिल है। हमारा मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की व्यवस्थित लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में हैं। पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में रणधीर जायसवाल ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को 9 से 16 अक्तूबर तक नई दिल्ली आने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से यात्रा की अनुमति मिली है। इस पर मंत्रालय आगे भी जानकारी साझा करेगा।

### एनएसए ने कनाडाई एनएसआईए से की मुलाकात

वहीं कनाडा के साथ सुरक्षा सहयोग को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने 18 सितंबर को कनाडा की नेशनल सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस एडवाइजर नथाली ड्रूइन से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध और खुफिया सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक काफी सकारात्मक रही और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी।

### बांग्लादेश के गृह सलाहकार के आरोपों पर प्रतिक्रिया

इस दौरान रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के भारत पर लगाए आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में नाकाम रही है और अपनी नाकामी छिपाने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ रही है। बेहतर होगा कि वे आत्मचिंतन करें और चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यकों पर हमलों व कब्जों की जांच कराएं।

भारत-चीन के बीच सीधी हवाई सेवा पर जवाब रणधीर जायसवाल ने इस दौरान कहा कि भारत और चीन के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। यह दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य करने की दिशा में अहम कदम है। भारत-रूस साझेदारी के 25 साल

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि 3 अक्तूबर भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ है। 2000 में यह साझेदारी बनी थी। उन्होंने कहा कि भारत-रूस के बीच 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' है। दोनों देश व्यापार, निवेश, रक्षा, विज्ञान और तकनीक जैसे हर क्षेत्र में रिश्तों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# उटंगन नदी में डूबे 13 युवक, एक के बाद एक निकलीं पांच लाशें...

## बुलाई गई सेना

**आगरा।** खेरागढ़ में मूर्ति विसर्जन करने के दौरान नदी में डूबने वाले दो और युवकों के शवों को बरामद कर लिया गया। नदी से दोनों की लाशें निकली, तो परिजनों में कोहराम मच गया। आगरा के खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गांव कुसियापुर डूगरवाला के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए। हादसे से अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक विष्णु को बचा लिया। डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मदद से दो युवकों ओमपाल और गगन के शव निकाले गए, जबकि देर रात एक अन्य किशोर मनोज का शव मिल गया। इसके बाद दो अन्य युवकों की लाशें भी शुक्रवार सुबह बाहर निकाल ली गईं। अब भी आठ का पता नहीं चल सका है। अब अन्य की तलाश के लिए सेना को बुलाया गया है।



खेरागढ़ में मूर्ति विसर्जन करते डूबे एक और युवक भगवती का शव बरामद कर लिया गया। इसे देखकर मृतक परिवार में कोहराम मच गया। उटांगन नदी में विसर्जन करते समय 13 युवक और किशोर डूब गए थे। उन्हें निकालने के लिए रात भर ऑपरेशन चलता रहा। पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ एसडीआरफ लगी रही। अब तक चार के शव बरामद कर लिए गए है।

ग्रामीण घटना स्थल पर मौजूद हैं। रात में गुस्सा आए लोगों ने एसडीएम की गाड़ी को भेज दिया उसके शीशे तोड़ दिया सुबह आप पर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह ने मोर्चा संभाला। लोगों को माइक से अनाउंस कर कहा कि वह संयम बरतें। पुलिस को अपना काम करने दें। कोई पानी की तरफ ना जाए। जिससे किसी तरह का हादसा हो। उधर रात भर गांव में करुण क्रंदन गूंजता रहा। चूल्हे नहीं जले। अब तक गगन, ओमपाल, मनोज और भगवती के शव मिल चुके हैं।

ये हादसा दोपहर 1 बजे हुआ। खेरागढ़ के गांव कुसियापुर में चामड़ माता के मंदिर के पास नवरात्र में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई थी। दशहरा पर मूर्ति के विसर्जन के लिए गांव के 40-50 पुरुष, महिलाएं और बच्चे उटंगन नदी के पास पहुंचे। इनमें विष्णु (20), ओमपाल (25), गगन (24), हरेश (20), अभिषेक (17), भगवती (22), ओके (16), सचिन पुत्र रामवीर (26), सचिन पुत्र ऊना (17), गजेंद्र (17) और दीपक (15) गहरे पानी में चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक सभी डूबने लगे। बचाव के साधन नहीं होने की वजह से वह लोग कुछ नहीं कर सके। बाद में कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत की और पानी में कूदकर विष्णु को बाहर निकाल लिया। हालत गंभीर होने पर उसे आगरा एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी रेफर कर दिया गया।

बाकी के डूबने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। करीब डेढ़ घंटे बाद ओमपाल और गगन को पानी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

### हाथ पकड़कर बढ़ रहे थे आगे

गांव कुशियापुर में 4 फुट की दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने के बाद हर दिन आस्था का सैलाब उमड़ रहा था। 10 दिन तक सुबह-शाम की आरती के बाद गांव की गलियों में देवी के गीतों से माहौल भक्तिमय हो जाता था। दशहरा आया तो प्रतिमा विसर्जन के लिए क्या बड़े, क्या छोटे, सब नदी किनारे चल पड़े। मगर हादसे की जानकारी आई तो पूरे गांव में करुण क्रंदन गूंज उठा।

# बाबा को लेकर हुए अब तक ये बड़े खुलासे

## 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया स्वामी चैतन्यानंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च में 17 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितंबर की रात आगरा से गिरफ्तार किया। आरोपी स्वामी चैतन्यानंद को आगरा, यूपी के होटल फर्स्ट ताजगं से गिरफ्तार किया गया था। चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप हैं। दिल्ली के वसंत कुंज में 17 छात्रों के यौन शोषण के मामले में दिल्ली पुलिस आरोपी स्वामी चैतन्यानंद को आज कोर्ट में पेश किया। आरोपी की पांच दिन की पुलिस रिमांड आज यानी शुक्रवार को खत्म हो रही थी। पुलिस ने उसकी 14 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी जिस पर कोर्ट ने मंजूरी दे दी। आरोपी स्वामी के खिलाफ जालसाजी और फर्जी नंबर प्लेट लगाने के दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं। फिलहाल दिल्ली पुलिस आरोपी स्वामी से पूछताछ कर रही है। छात्राओं को योग करती तस्वीरें डालने का बनाया था दबाव दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने छात्राओं के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ था। इस ग्रुप पर छात्राओं को योग करते हुए तस्वीर डालना अनिवार्य था। इसके पीछे उसका तर्क सेहतमंद शरीर और बेहतर दिमाग था लेकिन मंशा बेहद कुत्सित थी।



### आगरा से गया था पकड़ा

बता दें कि दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च में 17 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोपीस्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितंबर की रात आगरा से गिरफ्तार किया। आरोपी स्वामी चैतन्यानंद को आगरा, यूपी के होटल फर्स्ट ताजगं से गिरफ्तार किया गया था। चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप हैं।

### छात्राओं संग अल्मोड़ा में रुका था स्वामी

आरोपी स्वामी चैतन्यानंद उर्फ पार्थ सारथी अल्मोड़ा के एक होटल में छात्राओं के साथ रुका था। इसकी पुष्टि बाबा के खिलाफ सबूत जुटाने के लिए उत्तराखंड पहुंची पुलिस टीम ने की है। टीम वहां के स्टाफ से बाबा के बारे में और पड़ताल करने की कोशिश कर रही है।

# बिहार चुनाव की अधिसूचना से पहले कैबिनेट की अंतिम बैठक

## सीएम नीतीश ने 129 प्रस्तावों पर लगाई मुहर



**नई दिल्ली।** दीवाली और छठ को देखते हुए सीएम नीतीश कुमार आज बिहारवासियों को बड़ी सौगात दी है। कैबिनेट की आज की बैठक वर्तमान सरकार की आखिरी बैठक है।

दुगार्पूजा का समापन हो गया। इसी महीने में दीवाली और छठ महापर्व है। आचार संहिता लागू होने और चुनाव की तारीख का एलान होने में कुछ ही दिन शेष बच गए हैं। इन सब के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कैबिनेट की बैठक बुलाई।

आचार संहिता लागू होने से पहले यह आखिर कैबिनेट की बैठक में सीएम नीतीश कुमार कुल 129 एजेंडों पर मुहर लगा दी। बैठक में सीएम नीतीश कुमार के महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर स्वीकृति दे दी है।

# शांतिपूर्ण संपन्न हुई जुमे की नमाज, मेरठ में मस्जिदों के बाहर तैनात रहा पुलिस बल, ड्रोन से हुई निगरानी

**मेरठ।** बरेली हिंसा के बाद मेरठ में जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट जारी किया गया। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा, अधिकारियों ने गश्त की और ड्रोन व बम डिस्पोजल स्क्वॉड की मदद से संवेदनशील इलाकों की निगरानी की गई। बरेली में पोस्टर विवाद को लेकर हुई हिंसा के बाद से प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलर्ट जारी हे। हालांकि पुलिस प्रशासन के इस अलर्ट के बीच मेरठ में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

बरेली हिंसा के बाद मेरठ भी अलर्ट घोषित किया गया था, जिसके चलते पुलिस भी अलर्ट मोड पर रही। शहर से लेकर देहात तक सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया। जबकि अधिकारियों ने भी हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखी। एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने बताया कि जुमे की नमाज को लेकर पुलिस को अलर्ट मोड पर एक्टिव रहने के लिए निर्देश जारी किए गए थे। साथ ही ड्रोन से भी निगरानी की गई और लगातार संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में पुलिस और अधिकारियों ने गश्त की।



### एक्टिव दिखा बम डिस्पोजल स्क्वायड, संदिग्ध वाहनों और वस्तुओं को किया चैक

हाई अलर्ट के बीच बम डिस्पोजल स्क्वॉड भी एक्टिव नजर आया। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में बम डिस्पोजल स्क्वॉड के साथ डॉग स्क्वॉड ने भी संदिग्ध वाहनों और वस्तुओं की चेकिंग की। इस दौरान राहगीरों के सामान को भी चैक किया गया।

### मवाना में रही पुलिस बल की चौकसी

देहात क्षेत्रों की बात करें तो यहां मवाना में जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। एसपी देहात ने नगर में अटोरा रोड के पास बड़ी मस्जिद पर पहुंच कर लिया जायजा लिया। नगर में दो दिन पूर्व 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर मोहल्ला मुन्नालाल डाकखाने वाली गली में लगा दिए थे जिसको लेकर आज जुमे की नमाज के दौरान पुलिस ने अलर्ट की स्थिति बनाए रखी।

# विजय की रैली में भगदड़ के कारणों की जांच करेगी एसआईटी हाईकोर्ट ने करूर पुलिस को दिए ये निर्देश

**चेन्नई।** उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने शुक्रवार को नमक्कल के एक टीवीके पदाधिकारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। टीवीके नेता पर एक निजी अस्पताल पर हमले का आरोप है। मद्रास हाईकोर्ट ने 27 सितंबर को करूर में अभिनेता-राजनेता विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ की जांच के लिए शुक्रवार को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। गर्ग वर्तमान में उत्तरी क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक हैं। एकल न्यायाधीश की पीठ ने कथित तौर पर इस घटना के लिए विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के पदाधिकारियों की भी आलोचना की।

हालांकि करूर भगदड़ हादसे की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता को मदुरै पीठ जाने का निर्देश दिया है। यह याचिका भाजपा नेता उमा आनंदन ने 27 सितंबर को दायर की थी। अभिनेता-राजनेता विजय की जनसभा में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई और 60 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।



### हाईकोर्ट ने भाजपा नेता को मदुरै पीठ जाने को कहा

याचिका में कहा गया कि इस घातक घटना के पीछे सरकारी उदासीनता सहित कई सवाल हैं। शुक्रवार को एक खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया क्योंकि यह मदुरै पीठ के न्यायाधिकार का मामला है।

### उच्च न्यायालय ने टीवीके नेता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की

उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने शुक्रवार को नमक्कल के एक टीवीके पदाधिकारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। टीवीके नेता पर एक निजी अस्पताल पर हमले का आरोप है। टीवीके के नमक्कल (पश्चिमी तमिलनाडु) जिला सचिव सतीश कुमार ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। 27 सितंबर को विजय की रैली के दौरान अस्पताल पर हुए हमले से टीवीके नेता सतीश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और गिरफ्तारी के डर से उन्होंने अदालत का रुख किया।

न्यायाधीश ने पूछा कि टीवीके प्रमुख विजय के रोड शो के दौरान पार्टी भीड़, कार्यकताओं के अनियंत्रित व्यवहार, तोड़फोड़ और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान से बचाने क्यों विफल रही? सरकारी वकील एस संतोष ने दलील दी कि सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के संबंध में जिला सचिव सहित टीवीके कार्यकताओं के खिलाफ 9 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। उन्होंने अग्रिम जमानत देने पर आपत्ति जताई।

# तरनतारन उपचुनाव में आप का दांव, पूर्व विधायक हरमीत सिंह संधू को टिकट, सीएम भगवंत मान ने की घोषणा

**चंडीगढ़।** तरनतारन में ग्रामीण संपर्क सड़कों के निर्माण परियोजना के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीम मान ने कहा कि हरमीत संधू आपकी पसंद हैं। वे उपचुनाव में आप के उम्मीदवार होंगे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज तरनतारन विधानसभा उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में पूर्व विधायक हरमीत सिंह संधू का नाम घोषित किया। यह सीट जून में आप विधायक कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हुई थी। चुनाव आयोग ने अभी उपचुनाव की तारीख घोषित नहीं की है, लेकिन आप ने अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है।

**सभा में घोषणा, संधू आपकी पसंद :** तरनतारन में ग्रामीण संपर्क सड़कों के निर्माण परियोजना के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीम मान ने कहा कि हरमीत संधू आपकी पसंद हैं। वे उपचुनाव में आप के उम्मीदवार होंगे। यह घोषणा स्थानीय समर्थकों के बीच उत्साह लेकर आई, क्योंकि संधू तरनतारन से तीन बार विधायक रह चुके हैं। वे 2002 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में, जबकि 2007 और 2012 में शिरोमणि अकाली दल के टिकट पर चुने गए थे।



हालांकि, 2017 और 2022 के चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जुलाई 2025 में संधू ने आप का दामन थाम लिया था, और तब से वे पार्टी के तरनतारन जिला प्रभारी भी हैं। हरमीत सिंह संधू तरनतारन के प्रमुख पंथिक चेहरों में से एक हैं। वे पूर्व सांसद सूरिंदर सिंह कैरों के परिवार से जुड़े हैं और 2002 में शिरोमणि अकाली दल टिकट न मिलने पर निर्दलीय जीत हासिल की थी।

वहीं, 2024 में शिरोमणि अकाली दल से इस्तीफा देने के बाद वे आप में शामिल हुए, जहां सीएम मान और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने उनका स्वागत किया था। आप ने संधू को चुना क्योंकि वे स्थानीय मुद्दों, खासकर ग्रामीण और कृषि समस्याओं पर मजबूत पकड़ रखते हैं। जुलाई में आप ने उन्हें तरनतारन हलका इंचार्ज भी नियुक्त किया, हालांकि इससे स्थानीय नेताओं में असंतोष भी पैदा हुआ था। वहीं, पंजाब में 2022 से अब तक आप को सातवां उपचुनाव का सामना करना पड़ रहा है।

### बढ़ते स्क्रीन टाइम से किशोरों का स्वास्थ्य संकट में

**नई दिल्ली।** आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते स्क्रीन टाइम और शारीरिक गतिविधि न करने के कारण किशोरों में मांसपेशी और हड्डी संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। पारंपरिक आदतें जैसे उकड़ू बैठना, पालथी मारकर भोजन करना या नंगे पैर चलना, जो शरीर को लचीला रखती थीं। मौजूदा समय में यह पीछे छूट गई हैं। इसके बजाय, बच्चे और किशोर घंटों झुककर मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर पर समय बिता रहे हैं, जबकि स्कूल में छह से सात घंटे की निरंतर बैठकी और व्यायाम की कमी से पोस्चर विकार उत्पन्न हो रहे हैं।

**NAME CHANGED**

I,CHARU BATRA W/O SH. SAATVIC BATRA R/O 002, MANTOVA TOWER, MAHAGUN MODERNE, SECTOR-78, NOIDA, DISTT: GAUTAM BUDH NAGAR, U.P Before marriage, my name was Charu, and now I have changed my name to Charu Batra. In the future, I shall be known and recognized by this name only.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली। शनिवार 04 अक्टूबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# कैसे मजबूत होगा गाजियाबाद में नीले हाथी का बेस

## लगातार उतारे गए यहां चुनावी रण में कामचलाऊ फेस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी रण की तैयारी शुरू हो चुकी है और भाजपा यहां मिशन-2027 पर चल रही है। समाजवादी पार्टी ने भी यहां अपने चुनावी चेहरों को संकेत दे दिये और मैदान में उतरो और नजर आओ। ऐसे में यहां एक दल ऐसा भी है जिसे समीकरण और इतिहास दोनों के आधार पर इग्नोर नहीं किया जा सकता। ये दल बसपा यानी बहुजन समाज पार्टी का है।




अगर वोटों की बात करें और जातीय समीकरण को देखें तो यहां कोई कितने भी दावे करें, लेकिन बसपा का नीला हाथी अपने डीएम समीकरण के साथ मजबूती स्थिति में है। उसका प्लस प्वाइंट ये है कि उसका कैडर वोट वहीं खड़ा हैं, लेकिन उसका माइनस प्वाइंट ये है कि वो हमेशा चुनाव के समय काम चलाऊ नेताओं को ले आता है और इन नेताओं को लाने में बड़ा योग संगठन का रहता है। संगठन के पदाधिकारी हाईकमान को ना जाने क्या फीडबैक देते हैं कि यहां उनका उम्मीदवार कहीं भी लीड नहीं कर पाता है और वो चुनावी रेस में पिछड जाता है।

अब जब चुनावी शंखनाद हो रहा है तो आज बात उस बसपा की जिसने 2012 में जहां लोनी से लेकर मुरादनगर तक जीत का परचम लहराया था साहिबाबाद जैसी बड़ी विधानसभा सीट पर इसी वर्ष हाथी प्रथम आया था। अब ऐसा क्या हो गया कि हाथी चुनावी रेस में सबसे पीछे रह जाता है। क्या उसका वोट बैंक खिसक गया है, क्या उसके पास चुनावी खिलाड़ियों का अभाव है या फिर उसके संगठन वाले कर्ताधर्ता अच्छे चुनावी रणनीतिकार नहीं है। वजह जो भी हो अब सवाल यही है कि आखिर बसपा का हाथी चुनावी रण में कमजोर फेस क्यों उतारता है।




### लोकसभा के थे जो उम्मीदवार वो फिर नहीं नजर आए चुनाव हारने के बाद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा चुनावों की बात करें तो यहां बसपा ने जो भी उम्मीदवार उतारे वो चुनाव हारने के बाद नजर ही नहीं आए। यहां वर्ष 2014 की बात करें तो बसपा के टिकट पर मुकुल उपाध्याय चुनाव लड़े और वो चुनाव लड़ने के बाद फिर गायब हो गए। इसी तरह वर्ष 2019 में बसपा ने अपना अलग उम्मीदवार नहीं उतारा था यहां समाजवादी पार्टी से उसका गठबंधन हुआ और यहां पर सुरेश बंसल को सपा पहले अपने दल में लेकर आई और फिर बसपा और सपा ने मिलकर उन्हें चुनाव लड़वाया। रालोद सहयोगी दल के रूप में रहा और ये चुनाव भाजपा जीती। स्व. सुरेश बंसल इसके बाद वापस बसपा में आए। वो एक्टिव भी रहे, लेकिन बाद में स्वास्थ्य कारणों से उनकी रफ्तार कम हुई और फिर अगले चुनाव से पहले ही उनका बीमारी के चलते निधन हो गया। वर्ष 2024 में बसपा नंदकिशारे पुंडीर को उम्मीदवार बनाकर ले आई। नंदकिशोर पुंडीर भाजपा में थे और टिकट ना मिलने पर वो बसपा में आ गए। बसपा ने आते ही उन्हें टिकट दे दिया। ये पहली बार हुआ जब लोकसभा जैसे चुनाव में बसपा का हाथी एक लाख वोट भी पूरे नहीं ले पाया और बुरी तरीके से हार गया। खास बात ये थी कि चुनाव हारने के बाद नंदकिशोर पुंडीर को फिर कभी किसी बसपाई ने गाजियाबाद तो छोड़ों बसपा के किसी कार्यक्रम में नहीं देखा।

### जब सपा की थी सरकार और गाजियाबाद में आ गई थी नीले हाथी की बहार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वर्ष 2012 में बसपा के नीले हाथी ने साइकिल की सरकार में ना केवल साइकिल को पछाड़ा बल्कि बसपा के उम्मीदवार भाजपा को हराकर यहां चुनाव जीते थे। खास बात ये है कि इनमें कोई ब्राह्मण था, कोई वैश्य था तो कोई मुस्लिम था। साहिबाबाद विधानसभा में पंडित अमरपाल शर्मा ने भाजपा के सुनील शर्मा को हराकर जीत हासिल की थी। शहर सीट पर सुरेश बंसल ने अतुल गर्ग को हराया था, लोनी में हाजी जाकिर अली ने जीत हासिल की थी और मुरादनगर में वहाब चौधरी ने राजपाल त्यागी को कम अंतराल से हराकर जीत हासिल की।

### विधानसभाओं में भी रहा है बसपा का यही हाल

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विधानसभा की बात करें तो यहां भी उसका हाल यही रहा कि उसके उम्मीदवार केवल चुनाव लड़ने आए और चुनाव हारकर चले गए। विधानसभा में 2017 के बाद से लेकर 2022 के चुनाव तक यही हाल रहा। 2017 में सुरेश बंसल शहर सीट से चुनाव लड़े और यहां भाजपा के अतुल गर्ग ने उन्हें हराया। इसी तरह मुरादनगर सीट पर सपा से आये सुधन रावत चुनाव लड़े और फिर वो भाजपा में चले गए। 2017 में ही साहिबाबाद सीट से जलालुद्दीन सिद्दीकी चुनाव लड़े और वो भी चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में चले गए। 2017 में लोनी से जाकिर अली चुनाव लड़े और वो भी चुनाव हारने के बाद सपा में चले गए। धौलाना से असलम चौधरी चुनाव लड़े और बाद में वो सपा में चले गए। वर्ष 2022 की बात करें तो यहां फिर से बसपा का वही हाल रहा। भाजपा ने जब केके शुक्ला को टिकट नहीं दिया तो वो बीएसपी में चले गए रातोंरात टिकट लिया चुनाव लड़े, हार गए और उसके बाद वो फिर वापस भाजपा में आ गए। 2022 में ही साहिबाबाद सीट से बसपा के अजीत कुमार पाल चुनाव लड़े और वो भी चुनाव हारने के बाद फिर नजर नहीं आए। लोनी में आकिल को बसपा ने टिकट दिया और चुनाव हारने के बाद उनके भी दर्शन नहीं हुए। मुरादनगर में बसपा ने अय्यूब खान को टिकट दिया और फिर वो भी दिखाई नहीं दिये। इसी तरह धौलाना सीट पर बसपा ने बासिद अली को टिकट दिया और वो कितने एक्टिव हैं ये किसी से छिपा नहीं है।

> **विधानसभा की बात करें तो यहां भी उसका हाल यही रहा कि उसके उम्मीदवार केवल चुनाव लड़ने आए और चुनाव हारकर चले गए।**

### हाथी खड़ा अकेला, केवल चुनाव लड़ने वालों का मेला

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बसपा के हाथी की सबसे बड़ी विडंबना यही रही है कि उसके यहां चुनाव लड़ने वालों का मेला लगता है और चुनाव के बाद हाथी अकेला खड़ा रह जाता है। बसपा के लीडर उम्मीदवार की कर्मठता, निष्ठा और प्रोफाइल को कंसिडर नहीं करते हैं। वो केवल काम चलाऊ चेहरे लाते हैं। सबसे अजीब बात तो ये है कि जिन्हें उनका दल नहीं पूछ रहा होता, उन्हें बसपा रातोंरात टिकट भी दे देती है। नंदकिशोर पुंडीर भाजपा से आए, टिकट लिया, चुनाव लड़े, हारे और चलते बने। केके शुक्ला भाजपा से आए, टिकट लिया, चुनाव लड़े, हारे और चले गये। सुधन रावत सपा से लगातार चुनाव हारे और बसपा ने अपने दो जाट उम्मीदवारों का टिकट काटकर उन्हें टिकट दिया और सुधन चुनाव हारने के बाद भाजपाई हो गये। ऐसे लगता है कि बसपा में नेता केवल चुनाव लड़ने आते हैं और चुनाव लड़ने के बाद या तो दूसरे दल में चले जाते हैं या फिर अपने कारोबार में समय देने लगते हैं।

> **ऐसे लगता है कि बसपा में नेता केवल चुनाव लड़ने आते हैं और चुनाव लड़ने के बाद या तो दूसरे दल में चले जाते हैं या फिर अपने कारोबार में समय देने लगते हैं।**

### जो थे दिग्गज बसपाई वो हो गये अब कर्मठ भाजपाई

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बसपा के राज्यसभा सांसद रहे, राष्ट्रीय महासचिव रहे, एमएलसी रहे नरेंद्र कश्यप अब भाजपाई हैं। वो सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े मुकुल उपाध्याय अब भाजपाई हैं, बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े सुधन रावत भाजपाई हैं, बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े केके शुक्ला बैक टू भाजपा हैं और बताते हैं कि नंदकिशोर पुंडीर भी भाजपा वाले रास्ते पर ही हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट में सख्ती

## 1 महीने में 25 पुलिसकर्मियों पर हुई कार्रवाई

### देहात से लेकर सिटी और ट्रांस हिंडन में हुई कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भ्रष्टाचार, लापरवाही और जनता से जुड़े मामलों में अनदेखी करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में कार्रवाई तेज हो गई है। बीते 30 दिनों में 15 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड और 10 को लाइन हाजिर किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई निम्न कारणों से हुई है। फीडबैक सेल में मिली शिकायतों और गलत सूचना देने वाले पुलिसकर्मी पर एक्शन हुआ है। तो वही वायरल वीडियो और भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें मिलने पर भी कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही अवैध गतिविधियों, जैसे हुक्का बार और होटल में मिलीभगत पर पुलिसकर्मियों को हटाया गया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार और यूपी पुलिस प्रमुख की जीरो टॉलरेंस नीति का असर कमिश्नरेट सिस्टम में भी साफ दिखाई दे रहा है। चाहे मामला शहर का हो या ग्रामीण इलाकों का, भ्रष्टाचार और लापरवाही पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।



कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा, बेहतर पुलिसिंग और पुलिस की स्वच्छ छवि बनाए रखने के लिए दागदार और भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त और कठोर कार्रवाई जरूरी है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता के प्रति जिम्मेदार और ईमानदार पुलिसिंग हो। ऐसे मामलों में कोई ढील नहीं दी जाएगी और सभी कार्रवाईयां जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की जा रही हैं।

**मुख्य मामले:**

- देहात में हत्या से जुड़े चौकी प्रभारी और हेड कांस्टेबल हटाए गए।
- ट्रांस हिंडन जोन में अवैध हुक्का बार और होटल से जुड़े पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर किया गया।
- फीडबैक सेल की शिकायतों पर शामिल पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया गया।
- पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों के अनुसार यह प्रक्रिया हर जोन में लगातार जारी है और सभी कार्रवाईयां जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की जा रही हैं।

# जब रामलीला मैदान के मंच से हुआ ये ऐलान, पार्षद प्रवीण चौधरी ने किया है स्वच्छता के क्षेत्र में बड़ा काम, तो डीएम ने किया उनका सम्मान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सम्मान सभी को पसंद होता है और जब अच्छे कामों के लिये सम्मान हो और खुले मैदान में हो, भीड़ के सामने हो तो निश्चित रूप से यह किसी भी व्यक्ति की योग्यता का सही पुरस्कार होता है। नजारा राजनगर रामलीला मैदान का है। यहां मंच पर पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव मौजूद थे, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ मौजूद थे और सामने विशाल जनसमूह बैठा है। मंच है, माइक है और यहां पर सबसे बड़ी बात ये है कि भाजपा के पार्षद की प्रशंसा समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी ने की।





राजनगर रामलीला मैदान में इस बार सफाई व्यवस्था पर पार्षद प्रवीण चौधरी का फोकस रहा और इसके चलते इस बार राजनगर की रामलीला में स्वच्छता का एक अलग ही जलवा दिखाई दिया। मेले से लेकर मंचन तक स्वच्छता पर काम हुआ। राजनगर रामलीला मैदान में जब पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव मंच पर आए और उन्होंने माइक संभाला तो उन्होंने यहां स्वच्छता के लिये भाजपा के पार्षद तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी की जमकर तारीफ की।

उन्होंने का कि वास्तव में एक पार्षद के रूप में प्रवीण चौधरी ने वार्ड से लेकर मैदान तक स्वच्छता के क्षेत्र में काम किया है। एमएलसी जितेंद्र यादव ने जब खुले मंच से तारीफ की तो यहां मंच पर डीएम रविंद्र कुमार मांदड भी मौजूद थे। वो भी मंच से हो रही है इस तारीफ को सुन रहे थे, मैदान में बैठी पब्लिक भी सुन रही थी। रामलीला कमेटी के पदाधिकारी सुन रहे थे। इसके बाद डीएम रविंद्र कुमार मांदड ने माइक संभाला तो उन्होंने भी स्वच्छता के लिये राजनगर से भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी की प्रशंसा की। वो भी प्रवीण चौधरी के स्वच्छता अभियान से काफी प्रभावित हुए और मंच पर ही डीएम रविंद्र कुमार मांदड ने अपने गले से पटका उतारकर निगम पार्षद प्रवीण चौधरी के गले में डाला और उनका सम्मान किया। प्रशंसा की और नगर निगम के एक ऐसे पार्षद जो रामलीला महोत्सव में अपने स्वच्छता अभियान से छा गए।

# भाजपा ने गिना दिये जीएसटी घटाने के फायदे

## और तब कांग्रेस के नेता नहीं लगा पाये अपने दफ्तर के बाहर होर्डिंग






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा चुनावी रण में हैं और कांग्रेस चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। वोट चोरी जांच का विषय है, लेकिन चुनावी रण में कौन कितनी ताकत के साथ आ रहा है यह भी कांग्रेस के बड़े लीडरों को सोचना होगा। उसने संगठन की कमान किन हाथों में दी है, उसके नेता क्या कर रहे हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि सरकारों में आने का सपना देख रहे कांग्रेसी जन मुद्दों को लेकर बाजारों में कितने हैं, वो सामाजिक सरोकारों में कितने हैं और हाईकमान के फरमान का वो कितना पालन करते हैं। भाजपा जीएसटी घटाने के फायदे गिना रही है। उसके पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल बाजारों में व्यापारियों के साथ बैठकर जीएसटी घटाने के फायदे गिना रहे हैं। भाजपा के विधायक, भाजपा के संगठन पदाधिकारी बाजारों से लेकर गली-मोहल्ले तक जा रहे हैं और बता रहे हैं कि जीएसटी का दर कम होने का जनता को क्या लाभ हुआ है और सरकार ने उनके लिये कितना सोचा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस है और कांग्रेस की तरफ से एक फॉर्मेट आया है, जिसमें ये बताना है कि सरकार ने आठ सालों से रसोई के सामान पर जीएसटी थोंपी है और अब महिलाएं आपसे इसका हिसाब मांग रही है। खास बात ये है कि कांग्रेस हाईकमान ने जिला और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को ये पत्र लिखा और कहा कि आपको जीएसटी से संबंधित एक पोस्टर भेजा जा रहा है। आप अपने जनपद में जिला और शहर कार्यालय के सामने यह पोस्टर 20७10 के साइज में लगवाएं तथा इस पोस्टर में अपने जनपद की महिला पदाधिकारी अथवा महिला कार्यकर्ता की फोटो जीएसटी का हिसाब मांगते हुए लगाएं।

फोटो तो क्या ही लगता, सबसे बड़ी बात तो ये है कि ना तो ये पोस्टर महानगर दफ्तर के बाहर लगा ना ही कांग्रेस के जिला दफ्तर के बाहर लगा और कांग्रेस की महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष खुशनुमा परवीन और महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सोनल नागर की कोई तस्वीर जीएसटी प्रदर्शन की नहीं दिखाई दी। केवल आरटीआई प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष जरूर कुछ महिलाओं के साथ जीएसटी और महंगाई का विरोध कर रही हैं। वो हिसाब भी पूछ रही हैं, लेकिन ना तो किसी महिला पदाधिकारी और ना ही किसी महिला कार्यकर्ता की फोटो जीएसटी का हिसाब मांगते हुए आई है। सवाल यही है कि जब कांग्रेस को मजबूत विपक्ष के रूप में सामने आना है, उसकी महिला कांग्रेस इकाई को मोर्चा खोलना है तो वो सीन से आउट है। जिन अध्यक्षों को सिर्फ अपने कांग्रेस दफ्तर के बाहर संगठन द्वारा दिये गये फॉर्मेट में पोस्टर लगाना था वो अभी तक पोस्टर भी नहीं लगा पाये हैं। वहीं ठीक इसके विपरीत भाजपा अपने जनप्रतिनिधियों के साथ, पूर्व जनप्रतिनिधियों के साथ, संगठन के लोगों के साथ बाजारों में, चौपाल पर, चाय की दुकान पर अपना पक्ष रख भी चुकी है।

ऐसे में कमजोर कांग्रेस को और अधिक जोर लगाने की जरूरत है। उसके संगठन नेताओं को मंथन करना होगा कि आखिर उनके पास इच्छा शक्ति की कमी है या फिर टीम का अभाव है।

# गाजियाबाद पुलिस ने जारी किया आदेश

## वाहनों के काले शीशे और पर्दों पर पूरी तरह रोक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटा संवेदनशील जनपद गाजियाबाद सुरक्षा के दृष्टिकोण से हमेशा सतर्क रहता है। हालिया सुरक्षा घटनाओं और असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने सभी वाहनों के काले शीशे और ब्लैक पर्दों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है।



गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा है कि हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कुछ वाहन मालिकों द्वारा काले शीशे या पर्दों का उपयोग महिलाओं, बच्चों और आम जनता की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इसे रोकना और अवैध गतिविधियों को रोकना हमारी जिम्मेदारी है। सभी वाहन मालिकों से आग्रह है कि वे अपने वाहनों के शीशे पारदर्शी रखें और किसी भी तरह का काला पर्दा या फिल्म न लगाएं।




### आदेश की मुख्य बातें

1. सभी वाहन के शीशे पारदर्शी होंगे।
2. किसी भी वाहन में ब्लैक फिल्म या काले पर्दे का उपयोग नहीं होगा।
3. वाहन के अंदर का दृश्य पूरी तरह स्पष्ट होना चाहिए।
4. आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223ए के तहत कानूनी कार्रवाई होगी।

### 30 नवंबर तक जारी रहेगा अभियान

करंट क्राइम। यह आदेश 02 अक्टूबर से लागू है और 30 नवंबर 2025 तक प्रभावी रहेगा, जब तक इसे पहले वापस नहीं लिया जाता।

पुलिस कमिश्नरेट ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है और कहा कि सुरक्षा और शांति बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## संपादकीय

# एसआईआर की परीक्षा

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (रक्क) के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस प्रक्रिया को लेकर भारी विरोध और हंगामे के बावजूद, चुनाव आयोग ने यह सूची जारी की है। इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में 7.4 करोड़ मतदाता एक नई सरकार चुनेंगे। चुनाव आयोग ने आखिरकार Special Intensive Revision यानी SIR के बाद फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। रक्क को लेकर जैसी प्रतिक्रिया और विरोध देखने को मिला था, उसकी तुलना में फाइनल वोटर लिस्ट पर अभी शांति नजर आती है। हालांकि राजनीतिक दल और जनता इससे संतुष्ट हैं या नहीं, इसका पता कुछ दिनों में चलेगा, जब लोग लिस्ट की जांच कर लेंगे। पहले से कम नाम अंतिम सूची के पहले आयोग ने अगस्त में ड्राफ्ट रोल जारी किया था। उसमें 65 लाख नाम काटे गए थे, जिसे लेकर काफी हंगामा हुआ। विपक्ष ने सीधे चुनाव आयोग की मंशा पर सवाल उठाए। अब इस फाइनल लिस्ट में ड्राफ्ट की तुलना में 17.9 लाख वोटर्स बढ़े हैं। हालांकि इंटेंसिव रिविजन के पहले के मुकाबले अब भी करीब 47 लाख वोटर कम हैं। चुनाव आयोग ने कहा है कि जो लोग पात्र हैं, वे विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख से 10 दिन पहले अप्लाई कर सकते हैं। इसी तरह से, लिस्ट के खिलाफ अपील करने का विकल्प भी कानून में है।

अधूरी तैयारियों से सवाल वोटर लिस्ट में नाम बढ़ने और घटने का सिलसिला लगातार चलता रहता है, लेकिन यहां सवाल उससे ज्यादा बड़ा – भरोसे का है। SIR को जिस तरह से आनन फानन में अंजाम दिया गया, उसकी वजह से जनता और विपक्ष के मन में कई सवाल पैदा हुए। हड़बड़ी और अधूरी तैयारियों का नतीजा रहा कि प्रॉसेस के बीच में डॉक्युमेंट्स को लेकर इतनी उलझनें खड़ी हुईं और सुप्रीम कोर्ट तक मामला पहुंचा। भरोसे का संकट वोटर रिविजन एक जरूरी प्रक्रिया है, लेकिन थोपने के बजाय अगर सहमति से चला जाए तो ज्यादा बेहतर है, क्योंकि आखिर में लोकतंत्र में लोक ही महत्वपूर्ण है। कहना होगा कि बिहार में संदेश इसका उल्टा गया। ऐसा माहौल बना कि रिविजन के नाम पर नागरिकता तय की जा रही है। नतीजा रहा कि अफरातफरी मच गई, ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक सरकारी ऑफिसों के बाहर कतारें लग गईं और किसी जिम्मेदार के पास कोई सटीक जवाब नहीं था। बिहार का सबक इलेक्शन नई सरकार चुनने के साथ ही जनता से जुड़े मुद्दों की तरफ ध्यान दिलाने का भी मौका है, लेकिन बिहार में SIR की वजह से दूसरे मुद्दे पीछे छूट चुके हैं। आगे भी बहस इसी पर केंद्रित रहने के आसार दिख रहे। बिहार को एक सबक की तरह देखा जाना चाहिए, क्योंकि इसके बाद बाकी राज्यों में भी यही प्रक्रिया दोहराई जानी है।

# पीयूष गोयल ने सिंगापुर के पीएम से की मुलाकात

## रणनीतिक साझेदारी और निवेश सहयोग बढ़ाने पर जोर



### चचाएं भारत के विकास पर केंद्रित रहीं

ये चचाएं भारत में सतत शहरी विकास को आगे बढ़ाने और बुनियादी ढांचे के विस्तार पर केंद्रित रहीं, जिसमें लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटर पर विशेष ध्यान दिया गया। दोनों पक्षों ने रणनीतिक सहयोग के माध्यम से भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाने के नए अवसरों की भी खोज की। इन बैठकों में विमानन, शहरी बुनियादी ढांचे और निवेश सहित विभिन्न क्षेत्रों में सिंगापुर के साथ संबंधों को गहरा करने के भारत के चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही दीर्घकालिक आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए नवाचार और कौशल विकास का लाभ उठाया गया।

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए सिंगापुर के प्रधानमंत्री के साथ चर्चा की। साथ ही उन्होंने एसआईएईसी के सीईओ चिन याउ सेंग, ग्रुप सीईओ ली ची कून और कैपिटलैंड इन्वेस्टमेंट के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक मनोहर खियातानी के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ मुलाकात की। यह चार्चा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए की गई।

मंत्री गोयल ने इस बैठक से संबंधित सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि सिंगापुर के प्रधानमंत्री से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। चचाओं से हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, भविष्य में विकास की प्रबल गति और व्यापक संभावनाओं को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।

**गोयल ने एसआईएईसी के सीईओ से की मुलाकात :** अपनी यात्रा के दौरान, मंत्री गोयल ने सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी (एसआईएईसी) के सीईओ चिन याउ सेंग से भी मुलाकात की, जहां उन्होंने विमानन रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षेत्र में भारत-सिंगापुर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इस बैठक में नवाचार, कौशल विकास और निवेश में सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसका उद्देश्य भारत के बढ़ते एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना और वैश्विक कनेक्टिविटी को मजबूत करना था।

**ग्रुप के सीईओ के साथ हुई चर्चा :** इसके अलावा, मंत्री गोयल ने ग्रुप सीईओ ली ची कून और कैपिटलैंड इन्वेस्टमेंट के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक मनोहर खियातानी के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। गोयल ने कहा कि ग्रुप के सीईओ श्री ली ची कून और कैपिटलैंड इन्वेस्टमेंट के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री मनोहर खियातानी से मुलाकात की।

# 'बढ़ती आय और कर सुधारों से भारत में निवेश के नए अवसर खुल रहे', : एनके सिंह



**नई दिल्ली।** 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने कहा है कि हम ऐसे मोड़ पर हैं, जब कई सकारात्मक पहलू मौजूद हैं जो हमें हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने में सक्षम बनाएंगे। जीएसटी दर में कटौती से राजकोषीय गुंजाइश बढ़ी है, क्रय शक्ति बढ़ी है, व्यापार में आसानी हुई है और हर आम आदमी को राहत मिली है। 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने कहा है कि भारत का बड़ा और अब तक अप्रयुक्त घरेलू बाजार देश में निवेश के लिए अपार संभावनाएं प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय में सालाना पांच से छह प्रतिशत की दर से हो रही वृद्धि से निजी निवेश, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप, बाहरी निजी निवेश और आंतरिक संसाधन जुटाने के लिए अनुकूल अवसर बन रहे हैं। प्रति व्यक्ति आय 6% से बढ़ रही उन्होंने भारत की ऐतिहासिक विकास दर का जिक्र करते हुए कहा कि कई दशकों तक देश की औसत वास्तविक विकास दर करीब 3.5% रही, जबकि जनसंख्या वृद्धि दर 2% से थोड़ा अधिक थी, जिससे प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर मात्र 1% रह जाती थी। लेकिन अब परिदृश्य बदल गया है।

### भारत चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार

एनके सिंह ने कहा कि हम एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर हैं, जहां कई सकारात्मक चक्र एक साथ काम कर रहे हैं, जो हमें आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनाएंगे।

### जीएसटी सुधारों से लोगों को राहत मिली है

उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से सरकार को राजकोषीय मोर्चे पर अधिक लचीलापन मिला है, आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है, कारोबार करने में आसानी में सुधार हुआ है और आम जनता को राहत मिली है। सिंह ने कहा कि यह भारत के आम नागरिक की जीत है, जहां वह अपेक्षाकृत कम कर दरों का भुगतान कर रहा है और निवेश व कारोबारी माहौल में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है।

# 'भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत, देश बना वैश्विक स्थिरता का भरोसा' : संजय मल्होत्रा



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारत की मैक्रो-इकोनॉमिक स्थिति अब भी बहुत मजबूत है और देश एक अस्थिर दुनिया में स्थिरता का भरोसा बन गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत की मैक्रो-इकोनॉमिक बुनियादी स्थितियां अब भी बहुत मजबूत हैं और देश एक अस्थिर दुनिया में स्थिरता का वाहक बन गया है। कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025 में बोलते हुए मल्होत्रा ने इस मजबूती का श्रेय कम मुद्रास्फीति, मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार, संकीर्ण चालू खाता घाटा और बैंकों व कॉरपोरेट्स के मजबूत बैलेंस शीट को दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार के नीति निमार्ताओं, नियामकों और नियंत्रित संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। हाल की चुनौतियों के बावजूद, हमारी अर्थव्यवस्था लचीले विकास के संतुलन में स्थिर नजर आ रही है। यह एक बड़ी उपलब्धि है।

# महंगाई को लेकर लोगों की चिंता घटी, आने वाले महीनों में आमजन के लिए जागी राहत की उम्मीद



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा सर्वे में देशवासियों को महंगाई और कीमतों में दबाव पहले के मुकाबले कम लग रहा है। सितंबर 2025 के इन्फ्लेशन सर्वे में लोगों ने खाद्य वस्तुओं से लेकर सेवाओं तक, लगभग सभी क्षेत्रों में कीमतों के दबाव में कमी बताई है। हालांकि वर्तमान में महंगाई की धारणा में थोड़ी बढ़ोतरी जरूर देखी गई है, लेकिन आने वाले महीनों में महंगाई की उम्मीदें भी घटी हैं, जिससे आमजन को राहत की उम्मीद जगी है।

**क्या कहा गया सर्वे में:** आरबीआई के ताजा सर्वे में सामने आया है कि देश के आम लोग अब खाद्य पदार्थ, गैर-खाद्य वस्तुएं, मकान और सेवाओं की लागत में पहले के मुकाबले महंगाई का असर कुछ कम महसूस कर रहे हैं। हालांकि वर्तमान महंगाई की धारणा थोड़ी बढ़ी है और यह 7.4% हो गई है, जो पिछले सर्वे की तुलना में 0.2% अधिक है। साथ ही सर्वे में ये भी बताया गया कि अगले तीन महीनों के लिए लोगों की महंगाई की उम्मीदें 8.3% से घटकर 8.1% पर आ गई हैं। वहीं, एक साल आगे की उम्मीदें भी घटकर 8.7% रह गईं, जो पहले 9.0% थीं।

**क्या कहते हैं आंकड़ें:** बता दें कि सर्वे में बताया गया कि आने वाले तीन महीनों में 77.8% लोगों ने कीमतें बढ़ने की बात कही, जबकि पिछली बार यह आंकड़ा 79.5% था। एक साल के नजरिए से 86.8% लोगों को कीमतें बढ़ने की आशंका है, जो पहले 88.1% थी। ऐसे में सिर्फ 7.0 प्रतिशत जो कि 25 साल से कम उम्र के लोगों ने सबसे कम महंगाई महसूस की।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले पप्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग कि ठोकर एक मानव को मार सकती है।
- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकते हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉल्फिन एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।

# हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स ने लगाई 227 अंकों की छलांग

### निफ्टी 24800 के पार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 226.86 अंक उछलकर 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 57.95 अंक की बढ़त के साथ 24,894.25 पर बंद हुआ।

शेयर बाजार शुक्रवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 226.86 अंक या 0.28 प्रतिशत उछलकर 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 57.95 अंक या 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,894.25 पर आ गया।

## राशिफल

**मेष :** आज सिर्फ बैठने के बजाय कुछ ऐसा करें जिससे आपकी कमाई बढ़ सके। पारिवारिक जीवन को पर्याप्त समय और ध्यान दें।

**वृष :** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। पूरा दिन नई ऊर्जा से भरा रहेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। धन के मामले में प्रगति होगी।

**मिथुन :** आज कोई आपकी छवि खराब कर सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। आपका जीवन साथी थोड़ा अजीब व्यवहार कर सकता है।

**कर्क :** अपने सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के कारण अपने आसपास के लोगों को प्रभावित करेंगे। अतिरिक्त पैसा रियल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है।

**सिंह :** आज आपका दिन ठीक रहेगा। कुछ कार्यों में थोड़ा विलंब हो सकता है। इस राशि के लव पार्टनर के जीवन में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**कन्या :** आज कोशिश करें कि किसी भी तरह का जोखिम न लें। व्यापार स्थल पर माहौल अनुकूल रहेगा। योजनाओं से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**तुला :** मित्रों के सहयोग से आर्थिक परेशानी दूर होगी। परिवार के सदस्य या जीवन साथी तनाव का कारण बन सकते हैं। प्यार के मामले में सामाजिक बंधनों को तोड़ने से बचें।

**वृश्चिक :** दिन अच्छा बीतेगा। लोगों के बीच आपकी एक अलग छवि बनेगी। पार्टनर के साथ डिनर पर जा सकते हैं। लंबी दूरी की यात्रा सफल और सार्थक होगी।

**धनु :** बड़े और प्रतिष्ठित लोगों से मेलजोल बढ़ सकता है। दूसरों के मामले में अपनी राय व्यक्त करने से भी बचना चाहिए। जीवनसाथी के संबंधों में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**मकर :** आपके कंधों पर बहुत कुछ है और निर्णय लेने के लिए स्पष्ट सोच आवश्यक है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी लेकिन आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ :** आज रहेगा फिट और तंदुरुस्त। आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा। संतान सुख की प्राप्ति होगी।

**मीन :** आज ऐसी जानकारी को उजागर न करें जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। आज आपके करियर में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। आपकी हर जगह प्रशंसा होगी।

## चुटकुले

चिंटू लड़की वालों के यहां रिश्ता लेकर पहुंचा,
मां-बाप बोले- हमारी बेटी अभी पढ़ रही है,
चिंटू कोई बात नहीं जी,
हम एक-दो घंटे बाद आ जायेंगे।

---

इंडिया एकमात्र ऐसा देश है..
जहां गर्मी के लिए भी
पड़ोसी को दोषी ठहराया जाता है
जैसे-
अरे क्या शमाजी,
आज बड़ी गर्मी करवा रखी है आपने।

---

मुन्ना- डॉक्टर साहब 2 साल पहले मुझे बुखार आया था।
डॉक्टर- तो अब क्या ?
मुन्ना- आपने नहाने को मना किया था, आज इधर से गुजर रहा था तो सोचा कि पूछता चलूं ..
अब नहा लूं क्या?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# उत्तराखंड के प्रभारी अजय चौधरी ने कलाकारों को सम्मानित किया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लाजपत नगर रामलीला मैदान में दशहरा मनाया गया, जिसमें 55 फीट रावण का पुतला, 45 फीट मेघनाथ और 50 फीट कुंभकरण के पुतले का दहन किया गया। पुतले काफी आकर्षक थे और जब प्रभु राम ने रावण के पुतले पर तीर चलाया, तो ₹हे राम, हे राम₹ का उद्घोष करते हुए पुतले का दहन किया गया।

रामलीला मैदान में रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले को देखने के लिए भीड़ लगी रही। जब रामलीला प्रारंभ हुई, तो रामलीला मैदान में भीड़ जमा हो गई और हजारों की संख्या में लोग लाजपत नगर रामलीला मैदान और उसके आसपास मौजूद थे।

रावण दहन में आतिशबाजी मुख्य केंद्र बनी। रावण दहन से पहले आतिशबाजियों का दरबार लगा, जिसमें चक्रीय और पटाखे काफी मात्रा में चलाए गए। इस दौरान बच्चे और राम भक्तों का जमावड़ा अधिक बढ़ता गया। कार्यक्रम का आयोजन रामायण कला संगम समिति द्वारा किया गया था। समिति के अध्यक्ष बिक्रम सिंह बैंसला ने सुबह से ही रामलीला मैदान में व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए एक-एक बिंदु पर अपनी नजर जमाई रखी। मुख्य अतिथि कांग्रेस के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के प्रभारी अजय चौधरी ने मथुरा से आए कलाकारों को सम्मानित किया।

# इंदिरापुरम न्याय खंड 3 में किया गया रावण दहन आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्याय खंड-3 में स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल के पीछे पार्क में दशहरा के पावन अवसर पर 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। पार्षद अनुज त्यागी ने बताया कि इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में वार्ड के निवासी अपने परिवार और बच्चों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन न्याय खंड-3 में किया गया था, जहां रावण दहन कर क्षेत्रवासियों ने बुराई पर अच्छाई और श्रीराम की विजय का उत्सव मनाया। पार्क के साथ-साथ आसपास की सड़कों और घरों की छतों से भी लोगों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लिया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में प्रशासन का पूरा सहयोग रहा। साथ ही क्षेत्रवासियों ने धैर्य और अनुशासन के साथ व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय योगदान दिया।

पार्षद अनुज त्यागी ने अपने सभी क्षेत्रवासियों, निवासियों, सहयोगियों और आयोजन कताओं का धन्यवाद किया और कहा कि उनका प्यार और समर्थन सदैव बना रहता है।

# विसर्जन के साथ ही दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन कलाकारों ने 5 दिनों तक बांधा समां





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विसर्जन के साथ ही पांच दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन हो गया। अंतिम दिन ट्रांस हिंडन एरिया और गाजियाबाद में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में महिलाओं ने सिंदूर खेला का आयोजन किया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां दुर्गा को विदा किया। इस बार कई समितियों ने बेहद आकर्षक तरीके से पंडाल को सजाया गया। इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित बंगतरु समिति में कई जाने-माने कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इसी तरह वसुंधरा सेक्टर 17 स्थित कालीबाड़ी में भी दुर्गा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

समिति के सांस्कृतिक सचिव अरूप राय ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम को हाईटेक तरीके से प्रदर्शित किया गया। कलाकारों की टीम ने दुर्गा पूजा के पांच दिवसीय महोत्सव में कई आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। हजारों की संख्या में भक्तों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।वसुंधरा सेक्टर तीन में वसुंधरा बंगीय कल्याण समिति की ओर से दुर्गा पूजा महोत्सव के मौके पर 5 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अष्टमी के दिन स्थानीय कलाकारों ने गीत संगीत का ऐसा समां बांधा के दर्शकों ने देर शाम तक आनंद लिया। समिति की महिला सदस्यों ने बेहद आकर्षक नाटक महिषासुर पाला का मंचन किया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

# दशहरा महापर्व पर खत्री सभा ने किया शस्त्र पूजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दशहरे के महापर्व पर खत्री सभा गाज़ियाबाद के द्वारा रामघाट मंदिर पर दशहरा पूजन एवं शस्त्र पूजन किया गया अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। सैकड़ो वर्षों से हमारे पूर्वजों द्वारा शुरू किये गए इस पर्व को परंपरागत तरीके से मनाया गया सर्व प्रथम राम दरबार में पुष्प हार पहनाए गए फिर दशहरा पूजन व शस्त्र पूजन किया गया। उसके पश्चात सभी ने एक दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दी और भगवान राम को लड्डू का भोग लगाकर एक दूसरे को लड्डू खिलाकर दशहरे पर्व की खुशी मनाई गई। महेश आहूजा ने कहा देश का जो माहौल चल रहा है सभी सनातनी जातियों को एक हो जाना चाहिए। अध्यक्ष अनिल अरोड़ा ने कहा कि हम पुरुषोत्तम श्री राम के वंशज हैं दशहरे का महापर्व हजारों वर्षों से बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है यह त्यौहार अधर्म पर धर्म की जीत है। हमारी बहन बेटियों को अपने पास एक छोटी सी कृपाण हमेशा रखनी चाहिए! कार्यक्रम में महिलाओं ने दशहरा शस्त्र पूजन में भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में जलपान की बहुत सुंदर व्यवस्था की गई जिसका सबने भरपूर आनंद लिया । 2 अक्टूबर को खत्री सभा के उपाध्यक्ष सतीश चोपड़ा का जन्मदिन भी मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेश आहूजा राधे कृष्ण अरोड़ा (मुरादनगर), अनिल अरोड़ा, अजय टंडन, शिव कुमार अरोड़ा, गुलशन बावड़ी, सतीश चोपड़ा, राजेश अरोड़ा, डॉक्टर संकल्प खत्री, बिजेंदर अरोड़ा (वैशाली), अनिल अरोड़ा (डसना गेट), संजय रैना, संजय अरोड़ा (मीडिया प्रभारी), अशोक अरोड़ा, अमित अरोड़ा, मनीष अरोड़ा, अजय अरोड़ा, हितेश खन्ना, पंकज अरोड़ा, संजय अरोड़ा (सेवा नगर), राहुल अरोड़ा, सोनू, तरुण खत्री, पायल खत्री, पूजा अरोड़ा, प्रीत अरोड़ा, आशा चौधरी, वासु अरोड़ा आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चार्लोट्सविले ओपन के क्वार्टर फाइनल से बाहर

## सेंथिलकुमार-चोटरानी का निराशाजनक प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी अमेरिका के चार्लोट्सविले में आयोजित पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता चार्लोट्सविले ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन किया और स्क्वैश के अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मैचों में हार गए। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार को सलमान खलील के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मिस्र के खिलाड़ी ने सेंथिलकुमार पर 12-10, 9-11, 11-8, 11-3 से जीत हासिल की।

सातवीं वरीयता प्राप्त चोटरानी अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त टिमोथी ब्राउनेल से 6-11, 11-9, 1-11, 6-11 से हार गए। सेंथिलकुमार और चोटरानी अब अभय सिंह और रमित टंडन के साथ रविवार से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले 74,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता ओपन स्क्वैश क्लासिक में भाग लेंगे।

# राजनगर रामलीला में भरत का हुआ राम से मिलाप राज्याभिषेक के मौके पर हुई भव्य आतिशबाजी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री रामलीला समिति राजनगर के तत्वाधान में चल रही रामलीला में 14 वर्ष बाद राम के वनवास से लौटने के पश्चात भरत के साथ मिलाप, भव्य स्वागत तथा राज्याभिषेक किया गया। इस मौके पर भव्य आतिशबाज़ी भी की गई। रामलीला मंचन के दौरान रावण का वध करने के बाद भगवान श्री राम अपने वचन के अनुसार विभीषण को लंका का राजा बनाते हैं, लेकिन राज्याभिषेक के लिए नगर में नहीं जाते हैं, क्योंकि उनका कहना था कि उन्होंने अपने पिता को वचन दिया था कि 14 वर्षो तक नगर में प्रवेश नहीं करेगें। सीता की अग्नि परीक्षा के बाद श्री राम अयोध्या लौटने पर विचार कर रहें हैं। तभी उन्हें भरत का कथन याद आ जाता हैं कि भरत ने उनसे कहा था कि अगर 14 वर्ष के पश्चात एक क्षण के लिए भी विलम्ब हुआ तो वह उन्हें जीवित नहीं पाएगें। यही सोंच कर राम हनुमान जी को पहले ही सूचना देने के लिए भेज देते हैं कि वह वापस लौट रहे हैं। जब वह सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान के द्वारा वापस अयोध्या लौटते हैं तो श्री राम का भरत से भावुक मिलन होता है। राम और भरत का यह मिलाप देखकर दर्शक भी भावुक हो उठे।नगर में चारों ओर खुशियां मनाई जाती हैं। गुरु वशिष्ठ श्री राम को गद्दी पर बिठाकर उनका राजतिलक करते हैं। इस मौके पर रामलीला समिति के सभी पदाधिकारियों ने श्री राम की तिलक किया। राज्याभिषेक के पश्चात भव्य आतिशबाजी की गईं।

इस अवसर समिति की ओर से मेले की व्यवस्था में लगातार सहयोग करने के लिए सफाई कर्मचारियों, बिजली व्यवस्था तथा अन्य सहयोगियों के साथ साथ मंचन के दौरान उत्कृष्ट अभिनय करने वाले कलाकारों, उत्तम स्टाल, बेहतर आतिशबाजी का प्रदर्शन करने वालों आदि का सम्मान किया गया।

इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, मुख्य संयोजक राकेश मिश्रा, अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल, मुख्य सलाहकार अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, पार्षद प्रवीण चौधरी, राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, आलोक मित्तल, अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री रेखा अग्रवाल, सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, जितेन्द्र रंधावा, पंकज भारद्वाज, श्रीमती उषा गुप्ता, श्रीमती मंजू त्यागी, रेशमा मित्तल, श्रीमती प्रीति मित्तल, सिमरन सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे

# 'शुभमन शैतानियां करके कभी नहीं फंसा...', अभिषेक ने सुनाई मजेदार कहानी




**नई दिल्ली।** भारत के दो स्टार खिलाड़ी अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की दोस्ती के बारे में शायद ही ऐसा कोई होगा जो नहीं जानता होगा। दोनों एक ही राज्य पंजाब से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। अब दोनों भारत के लिए साथ ओपनिंग कर रहे हैं। हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि दोनों में से ज्यादा शरारती कौन है, तो अभिषेक ने कहा कि एज ग्रुप के दौरान गिल बेहद शरारती थे। अभिषेक शर्मा ने हाल ही में इंटरव्यू शो पर यह बातें कहीं।

## अभिषेक ने सुनाया दिलचस्प किस्सा

अभिषेक ने कहा, 'एक इंसान है जो कभी भी एज ग्रुप में शैतानियां करके कभी नहीं फंसा। वह हैं शुभमन गिल। अच्छा आपको मैं एक घटना बताता हूं। हम धर्मशाला में अंडर-16 मैच के लिए प्रैक्टिस कर रहे थे। तो वहां हिमाचल के, दिल्ली के, पंजाब के लड़के साथ थे। आप सोचिए जब तीनों राज्य के अंडर-16 लड़के मिल गए हैं, तो कितना कुछ होने वाला है। तो हमारा होटल धर्मशाला स्टेडियम से सिर्फ 500 मीटर दूर था। तो उसमें भी हम बस में जाते थे।

## 'ड्राइवर ने रास्ते में गाने बंद कर दिए'

अभिषेक ने बताया, 'एक बार क्या हुआ कि रास्ते में ड्राइवर ने गाने बंद कर दिए। हमें पंजाबी गाने सुनने थे। ड्राइवर ने कहा नहीं। मैंने कहा हमें सुनना है। उसने कहा बंद करो ये सब। हमारी उससे बहस हो गई। उस घटना में सबसे ज्यादा जिसने किया था और पीछे से चीखें मारा रहा था, वो था शुभमन।'

## कोच तक बात पहुंची तो हुआ ये

अभिषेक ने बताया, 'फिर कोच तक बात पहुंच गई। सारे मिलकर आ गए दो तीन ड्राइवर्स। उन्होंने कहा आपके बच्चों ने बदतमीजी की है। इनको बुलाओ और एक्शन लो आप। तो कोच ने क्या किया कि उन्होंने ड्राइवर से पूछा आप बताओ कौन-कौन से लड़के थे? उस घटना में चार पांच लड़के शामिल थे। उसमें मैं था, प्रभसिमरन था और पांचवां प्लेयर था शुभमन।'

अभिषेक ने बताया, 'शुभमन सबसे पीछे खड़ा था। कोच ड्राइवर से एक एक लड़के को दिखाकर पूछ रहे, ये भी था..वो भी था? कोच ने शुभमन को दिखाकर पूछा- यह भी था? तो ड्राइवर कह रहे हैं नहीं, यह नहीं था। मैंने कहा वाह जी वाह...यह नहीं था। फिर कोच ने हम चार को बाहर बुला कर हमें कहा यह लेटर है, इस पर साइन कर दो। वो चिट्ठी हमें वापस घर भेजने को लेकर थी।'

# मित्रायण समिति ने 20वें दुर्गोत्सव उत्सव धूमधाम से मनाया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मित्रायण समिति ने नीलपदम कुंज ग्राउंड, वैशाली, में 20वें दुर्गोत्सव उत्सव की घोषणा की है। इस वर्ष का थीम राम मंदिर है, जो हमारी गहरी भक्ति और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। कोलकाता के कारीगरों ने पंडाल सजावट में राम मंदिर की भव्यता को फिर से बनाने का काम पूरा कर लिया है। राम मंदिर की भव्यता को दशार्ती हुई पंडाल सजावट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिभा और परंपरा को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक लॉर्ड राम की कहानी पंडाल के अंदरूनी हिस्से में भगवान राम की कहानी का चित्रण किया गया। समिति की महिलाओं द्वारा सिंदूर खेला, जिसके बाद दिव्य माता को आंसू भरे विदाई।

दुर्गोत्सव उत्सव का आयोजन डॉ. राजीव नंदी, अभिजीत गांगुली, सुब्रतो पॉल, मनीष रावत, राहुल रे, और रंजन, जीपी सरकार के नेतृत्व में किया जा रहा है। पंडाल का उद्घाटन स्मृती रेखा गोयल, क्षेत्रीय पार्षद, सचिन डेड्हा, भाजपा युवा मोर्चा के प्रमुख ने किया। मित्रायण समिति का यह दुर्गोत्सव उत्सव एक भव्य आयोजन होगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, पंडाल सजावट, और भगवान राम की कहानी का चित्रण शामिल होगा। यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत और भक्ति का प्रतीक होगा।

# 2026 विश्व कप का आधिकारिक मैच बॉल 'ट्रियोन्डा' लॉन्च, तीन देशों की एकता और जुनून का प्रतीक




**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल 'ट्रियोन्डा' का अनावरण कर दिया गया है। यह टूर्नामेंट कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजबानी में आयोजित होगा और किक-ऑफ में अब केवल नौ महीने का समय बाकी है। फीफा और एडिडास ने मिलकर इस ऐतिहासिक बॉल को तैयार किया है, जो पहली बार तीन देशों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हो रहे विश्व कप की एकता और जुनून को दशार्ती है।

'तीन लहरें' का प्रतीक है ट्रियोन्डा ट्रियोन्डा नाम का अर्थ स्पेनिश भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब है 'तीन लहरें'। यह नाम उन तीन मेजबान देशों– कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका को मिलाकर इस वर्ल्ड कप की मेजबानी के जश्न को दशार्ता है। फीफा ने कहा कि यह बॉल सिर्फ एक खेल उपकरण नहीं, बल्कि तीनों राष्ट्रों की साझी ताकत और फुटबॉल प्रेम का प्रतीक है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने लॉन्च के दौरान कहा, 'फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आधिकारिक मैच बॉल आ चुका है और यह वाकई शानदार है।

# निट्रा टेक्निकल कैंपस में नए छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया स्वागत







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजय नगर स्थित निट्रा टेक्निकल कैंपस में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवागंतुक छात्र छात्राओं का द्वितीय वर्ष के छात्रों ने बड़े ही जोर शोर से स्वागत और अभिनन्दन किया। कार्यक्रम की शुरूआत निट्रा प्रांगन में हुई, जहाँ द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा अपने जूनियर्स के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इनमें स्वागत गीत, नृत्य, काव्य पाठ, शायरी और मनोरंजक नाटक आदि शामिल है। मुख्य अतिथि डॉ. एम. एस. परमार, महानिदेशक ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्रों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें पाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रथम वर्ष के छात्र छात्राएं एक नई यात्रा की शुरूआत कर रहे है। आप आत्मनिर्भरता को एक लक्ष्य बना ले। इससे विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी।

डॉ बी के शर्मा, निदेशक ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाये प्रेषित की। उन्होंने अनुशासन से लक्ष्य प्राप्ति का मंत्र दिया और साथ ही विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आप सभी निट्रा टेक्निकल कैंपस की शान हैं, इसलिए स्वयं का, अपने परिवार का और अपने संसथान एन टी सी का नाम रोशन करिए। फैकल्टी सदस्यों ने भी विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में अथर्व द्विवेदी को मिस्टर फ्रेशर और अंबिका यादव को मिस फ्रेशर का खिताब दिया गया।

# खलीफा के ताज पर मची है जंग, उस्ताद की वैधता पर उठ गया सवाल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सबसे पुरानी रामलीला में इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। रामलीला में जो पद सबसे सम्मान का माना जाता है घमासान की शुरूआत वहीं से हुई और उस्ताद ने पद बांटे हैं और कहने वालों ने कह दिया है कि अब हद पार हो रही है। दरअसल सुल्लामल रामलीला में खलीफा और उस्ताद का एक चलन है। खलीफा की घोषणा उस्ताद करते हैं, लेकिन जिस तरह से घोषणाएं हो रही हैं उसे लेकर कमेटी के भीतर एक जंग सी छिड़ गई है। एक दल का कहना है कि उस्ताद आयु के उस मोड़ पर हैं जहां पता नहीं चलता कि कितने दिन शेष हैं, लेकिन वो विशेष काम कर रहे हैं। रामलीला के उस्ताद अशोक गोयल हैं और उन्होंने पिछले साल सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों को खलीफा की उपाधि दी थी। कार्यवाहक महामंत्री दिनेश बब्बे को भी खलीफा बनाया था और इस साल तब मामला चर्चाओं में आया जब उस्ताद ने फिर से पांच नए खलीफा बना दिये। इन खलीफाओं में एक खलीफा सांसद प्रतिनिधि, रामलीला के खलीफा राजेंद्र मित्तल मेदी वालों के भाई संजीव मित्तल है। संजीव मित्तल दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं। वो एयरपोर्ट अथॉरिटी के सलाहकार हैं और अब वो रामलीला में खलीफा भी हैं। इसी तरह इन खलीफाओं में दिनेश कुमार गोयल, शिवांग गर्ग चिंटू और नरेश अग्रवाल प्रधान भी खलीफा बने हैं।

## मचा है घमासान उत्साद ने चुकाया है कोई एहसान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रामलीला के उस्ताद अशोक गोयल एक परिवार पर मेहरबान हैं और घमासान इसी बात को लेकर मचा है। सूत्र बताते हैं कि मामला थोड़ा विचित्र है और किस्से में उस्ताद जी के सुपुत्र हैं। सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग है, किस्से में पुलिस थाना है। बताते हैं कि यहां एक परिवार का उस्ताद पर एहसान हुआ। उस्ताद ने इस एहसान को खलीफा का पद देकर चुकाया है, लेकिन अब इस बात को लेकर घमासन है कि जब इतनी मेहरबानी हो रही है तो फिर देवेंद्र मित्तल और मोहित मित्तल को भी खलीफा बनाकर इस चैप्टर को ही बंद कर दो। क्योंकि अधिकतम 30 खलीफा बनाए जा सकते हैं और उस्ताद अशोक गोयल ऑलरेडी 28 खलीफा बना चुके हैं। किसमें क्या खूबी उन्होंने देखी ये तो वो ही बेहतर जानते हैं, लेकिन खलीफा वाली पगड़ी को लेकर जंग तगड़ी होने जा रही है।

## उस्ताद तो खुद हैं फर्जी वो क्या बनाएंगे खलीफाः मुनींद्र आर्या



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुल्लामल रामलीला से लगभग 50 वर्षो से जुड़े पूर्व पार्षद मुनींद्र आर्या ने इस पूरे मामले में बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि उस्ताद की खुद की पदवी फर्जी है, वो खलीफा बना ही नहीं सकते। उन्होंने रामलीला कमेटी के संविधान में सिर्फ उस्ताद के बारे में एक लाइन में कहा गया है, जिसमें कहा गया है कि उस्ताद केवल लीला का मंचन कराएंगे। उन्होंने बताया कि शुरू में सुल्लामल अखाड़ा रामलीला होती थी, जिसमें अखाड़े के सदस्य खुद मंचन करते थे। पहले ये रामलीला चौपला पर हुआ करती थी और फिर इस रामलीला का पंजीकरण श्री सुल्लामल के नाम से हुआ। उन्होंने कहा कि अखाड़े की परंपरा में उस्ताद और खलीफा होते थे। जो 25 वर्ष पहले खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उस्ताद का ही पद फर्जी है अगर वो रामलीला के संविधान में कहीं भी उस्ताद और खलीफा को कोई वर्णन दिखा दें तो जो सजा वो कहे मैं भुगतने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि जो उस्ताद ही फर्जी है वो किसी दूसरे को खलीफा कैसे बना सकते हैं।

# रोमा ने तीन बार पेनल्टी गंवाई, भुगतना पड़ा अंजाम, लिली ने 1-0 से हराया

**नई दिल्ली।** रोमा ने मैच के आखिर मिनटों में पेनल्टी स्पॉट से लगातार तीन प्रयास गंवा दिए जिससे लिली ने यूरोपा लीग फुटबॉल में इटली की इस क्लब को 1-0 से हरा दिया। रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिये गये लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरूआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया।

रेफरी ने गोल पोस्ट के पास अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण फिर से पेनल्टी का आदेश दिया। रोमा ने इस बार पेनल्टी लेने के लिए माटियास सोले को चुना लेकिन ओजर ने उनके प्रयास को भी विफल कर दिया। इससे पहले मैच के छठे मिनट में हाकोन अर्नार हेराल्डसन ने गोल कर फ्रांस की इस टीम का खाता खोला। लिली की यह दो मैचों में लगातार दूसरी जीत है। अन्य मैचों में ब्रागा ने सेल्टिक और रीयाल बेटिस ने लुडोगोरेट्स को एक समान 2-0 से हराया।

केरेम अकतुर्कोग्लू के दो गोल की मदद से फेनरबाचे ने नीस पर 2-1 से जीत दर्ज की। गो अहेड ईगल्स ने इसी अंतर से पैनाथिनाइकोस को हराया।

# तालकटोरा स्टेडियम में गरजा गुर्जर समाज

## राजनीतिक हिस्सेदारी और शिक्षा पर नेताओं ने रखी बातें








**नई दिल्ली (करंट काइम)।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित गुर्जर संसद एवं चिंतन सम्मेलन में हजारों की संख्या में समाज के लोग जुटे। यूपी, हरियाणा, राजस्थान, कश्मीर समेत 14 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने एक सुर में कहा कि समाज ने 2014 से 2024 तक भाजपा को लगातार समर्थन दिया, मगर आज भी कैबिनेट में गुर्जर समाज का प्रतिनिधित्व न होना गंभीर चिंता का विषय है। सम्मेलन में गुर्जर रेजीमेंट, आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल करने और अन्य राज्यों में देव नारायण बोर्ड बनाने की मांग भी जोर-शोर से उठाई गई।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ है। गुर्जर समाज को शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। यही हमें ताकत देगा और यही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करेगा। साथ ही, समाज को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा।

भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह ने मंच से समाज को आश्वस्त करते हुए कहा कि गुर्जर समाज ने हमेशा प्यार और स्नेह दिया है। आपकी भावनाएं और चिंताएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक जरूर पहुंचाई जाएंगी। जो बातें यहां उठी हैं, उन्हें सही स्थान तक ले जाना मेरी जिम्मेदारी है।

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भी जोर देकर कहा कि आज की सबसे बड़ी जरूरत है शिक्षा और सामाजिक एकजुटता। जब तक समाज पढ़-लिखकर मजबूत नहीं होगा, तब तक राजनीति और बाकी हिस्सेदारी का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा। सम्मेलन में स्वामी करमवीर योगाचार्य ने बच्चों को गुरुकुल परंपरा और अनुशासन से जोड़ने पर जोर दिया, जबकि पूर्व आईआरएस अधिकारी सुनीता बैंसला ने हर घर से एक लोकसेवा अधिकारी बनाने का आह्वान किया।

स्वामी सत्यदेव महाराज ने यूपी में भी देव नारायण बोर्ड बनाने की जरूरत बताई। अंत में सम्मेलन से पारित संकल्प पत्र में गुर्जर समाज ने मृत्युभोज और दहेज प्रथा पर रोक लगाने, बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर देने, गुर्जर बाहुल्य जिलों में छात्रावास व भवन बनाने और नशे से युवाओं को दूर रखने का संकल्प लिया।

सभा से निकला स्पष्ट संदेश यह रहा कि गुर्जर समाज राष्ट्रहित और विकसित भारत 2047 के विजन के साथ है, लेकिन सम्मानजनक राजनीतिक हिस्सेदारी अब टाली नहीं जा सकती।

# नवयुग मार्केट : नशे में धुत चालक का कहर, कई लोगों को मारी टक्कर

## नवयुग मार्केट पुलिस चौकी में भी हाथापाई और हंगामा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार की रात नवयुग मार्केट इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तेज रफ्तार कार ने सड़क पर चल रहे लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कई लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। घायलों को मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।

### चालक शराब के नशे में धुत था

**करंट क्राइम** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक शराब के नशे में था और कार पर उसका नियंत्रण पूरी तरह से खत्म हो गया था। तेज रफ्तार कार पहले फुटपाथ से टकराई और फिर पैदल चल रहे लोगों को रौंदते हुए निकल गई। गुस्साई भीड़ ने मौके पर ही चालक को पकड़ लिया।

**पुलिस चौकी में भी हंगामा :** करंट क्राइम सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया, लेकिन इस दौरान चालक ने न केवल पुलिसकर्मियों से हाथापाई की बल्कि चौकी पहुंचकर भी हंगामा खड़ा कर दिया। चालक की मेडिकल जांच कराई जा रही है जिसमें उसके नशे में धुत होने की पुष्टि हुई है।

**चौकी पर जम रही भीड़ :** नवयुग मार्केट चौकी इंचार्ज ने बताया कि चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि घायलों के इलाज में हर संभव मदद उपलब्ध कराई जा रही है। इस घटना के बाद आसपास के व्यापारी और स्थानीय लोग काफी नाराज दिखाई दिए। उनका कहना है कि देर रात शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ पुलिस को और सख्ती करनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



**एसीपी कोतवाली क्षेत्र का बयान :** एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था। उसने सड़क पर चल रहे निर्दोष लोगों की जान खतरे में डाली और पुलिस से भी अभद्रता की। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर

## 7 अक्टूबर को निकलेगी विशाल शोभायात्रा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में महर्षि वाल्मीकि पार्क में पूर्व प्रस्तावित रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. आशुतोष मोहन उपस्थित रहे। डॉ. मोहन ने स्वयं रक्तदान शिविर का अवलोकन किया और वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों को भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

विदित हो कि भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव के तहत सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। रक्तदान और वृक्षारोपण के साथ ही इन कार्यक्रमों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, जागरण, विशाल वाल्मीकि भंडारा, शोभायात्रा और 9 तारीख को समापन कार्यक्रम शामिल है, जो वाल्मीकि पार्क में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ नगर आयुक्त श्री विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा किया जाएगा। इस दौरान 7 तारीख को विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भगवान महर्षि वाल्मीकि पार्क पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि को माल्यार्पण भी करेंगे।

**7 तारीख को विशाल शोभायात्रा :** उत्सव के अंतर्गत सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम 7 तारीख को आयोजित किया जाएगा, जब विशाल वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा जटवाड़ा वाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग से होकर वाल्मीकि पार्क में समाप्त होगी।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव प्रबंध कमेटी के महानगर अध्यक्ष मास्टर अभी चंद खैरा, महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि, संयोजक अंकुश चढ़ा सहित रामबाबू हजारिया, अशोक मकवाना, ओम पर्चा, कर्मवीर पर्चा, शक्ति जीनवाल, संजीव वाल्मीकि, जॉनी वाल्मीकि, नीरज वाल्मीकि, प्रदीप वाल्मीकि, सिकंदर सूद, देवेंद्र वैद और सूरज कुमार था आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रबंध कमेटी के महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने इस सात दिवसीय कार्यक्रम में सभी नगर वासियों को सादर आमंत्रित किया है।

# मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, एक घायल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने शुक्रवार तड़के चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में लूट, छिनैती और चोरी की वारदातों में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ, जिसे एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो छीने गए मोबाइल, एक चोरी की स्प्लेंडर बाइक, अवैध तमंचा व कारतूस तथा नकदी बरामद की।

एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने एनसीआर क्षेत्र में वारदातें करना स्वीकार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में दशव उर्फ दशवम निवासी सहारनपुर और मुकेश निवासी अलीगढ़ शामिल हैं। इनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## वसुंधरा में हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ आज सत्याग्रह




**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** कविनगर के बाद अब वसुंधरा में भी नगर निगम द्वारा की गई अत्यधिक गृहकर वृद्धि के विरोध में शनिवार 4 अक्तूबर को वसुंधरा जोनल कार्यालय पर सत्याग्रह व उपवास होगा।

संयोजक भूपेंद्र नाथ ने बताया कि आंदोलन में चार मुख्य मांगें रखी जाएँगी—गृहकर वृद्धि प्रस्ताव को लागू न किया जाए, सदन की कार्रवाई के मिनट्स सार्वजनिक हों, पुरानी टैक्स प्रणाली लागू की जाए और 20% छूट की समय सीमा कोर्ट के फैसले तक बढ़ाई जाए।

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि निगम ने वृद्धि पर रोक के बावजूद ऊँचे दरों पर बिल भेजना जारी रखा है। जनता का कहना है कि यह लड़ाई सबकी है और इसे मिलकर लड़ा जाएगा।

# संजय नगर रामलीला में गूंजा 'जय श्रीराम'

## विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया रावण पुतला दहन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर सेक्टर 23 स्थित श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। रावण, मेघनाद और कुंभकरण के विशाल पुतलों के दहन ने मैदान को 'जय श्रीराम' के नारों से गूंजा दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी ने मंच से रावण वध और पुतला दहन की विधि सम्पन्न की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि असत्य और अधर्म पर सत्य व धर्म की हमेशा विजय होती है। दशहरा, श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का पर्व है। जैसे ही पुतले धू-धू कर गिरे, हजारों की भीड़ ने धर्म की विजय और अधर्म के अंत का प्रत्यक्ष अनुभव किया।

**मंच पर विशेष अतिथि :** मंच पर पूर्व पार्षद रेखा त्यागी, समाजसेवी अभिषेक गर्ग, एडवोकेट आर.के. पाण्डेय, युवा नेता कुणाल शिशौदिया और हीरू यादव का समिति ने स्वागत किया।

**आयोजन की सराहना :** सुंदर व्यवस्थाओं और सफल संचालन के लिए विधायक ने प्रदीप चौधरी, पार्षद उमेश पप्पू नागर, कपिल वशिष्ठ, मोनू त्यागी, हरेंद्र यादव, अनुज राघव, वीरेंद्र बाबू वर्मा, चेतन यादव, मोहन सिंह रावत, अशोक चांदीवाल, रविन्द्र राणा, संजीव चौधरी, शुभ चौधरी, संदीप चौरसिया, ऋषभ तिवारी, अरुण शर्मा, पुष्पेंद्र राघव, रामेश्वर सिंह, जितेंद्र चौधरी, के.के. शर्मा, पवन शर्मा, राजेश शर्मा, अनुज त्यागी, योगेंद्र सिंह, चेतन गौड़ सहित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। रामलीला कमेटी ने मुख्य अतिथि विधायक अजीत पाल त्यागी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

# दशहरे पर पुलिस व्यवस्था के लिए एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे सम्मानित





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** विजयादशमी के अवसर पर राजनगर एक्सटेंशन रामलीला ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला मंचन एवं भव्य मेले में पुलिस व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाए रखने के लिए एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे को सम्मानित किया गया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद एसीपी यूपीए पांडे ने रामलीला देखने आए लोगों को विजयादशमी की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों पर जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने मिशन शक्ति अभियान की जानकारी देते हुए महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए।

# प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला में अयोध्या आगमन की झाँकी और भरत मिलाप का भव्य मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 7 में चल रही प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति द्वारा रामलीला के अंतर्गत अयोध्या आगमन की झाँकी और भरत मिलाप का भव्य मंचन किया गया। यह आयोजन सेक्टर-16 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा के रूप में प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए रामलीला स्थल सेक्टर-7 पहुँचा।

भरत मिलाप का अद्भुत और भावनात्मक मंचन किया गया, जिसमें श्रीराम और भरत के मिलन का दृश्य देखकर पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और दर्शक जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठे। इस अवसर पर समिति द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समिति के सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को रामलीला के सफल आयोजन में उनके अमूल्य योगदान के लिए मोमेंटो और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

समिति के चेयरमैन नरेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि सबके सहयोग से ही इस भव्य रामलीला का सफल आयोजन संभव हो पाया। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मंचन और व्यवस्थाओं को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग किया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, बीना सेंगर, महासचिव मनोज भारद्वाज, इंद्रपाल प्रधान, कोषाध्यक्ष मनीष भारद्वाज, सुरेन्द्र भारद्वाज, मीडिया प्रभारी अमित किशोर, नितिन यादव और अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# गाजियाबाद में शास्त्री जयंती कार्यक्रम

## कायस्थ महासभा ने किया आयोजन, वक्ताओं ने रखे विचार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, गाजियाबाद द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती 2 अक्टूबर को गुलमोहर गार्डन, राजनगर एक्सटेंशन में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की श्रीमती आस्था सौरिखिया ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने शास्त्री जी की सादगी, दृढ़ संकल्प, सामान्य जीवन और उच्च विचारों पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल की उपलब्धियों और 1965 के युद्ध में दिए गए नारे ह्लजय जवान जय किसानह्न की महत्ता को याद किया। प्रमुख उपस्थित : कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना, उपाध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, महामंत्री दीपक श्रीवास्तव, उप महामंत्री आशुतोष श्रीवास्तव, संगठन मंत्री एस.सी. भटनागर, डी.सी. श्रीवास्तव, अतुल भटनागर, मोनिका श्रीवास्तव, विजय सक्सेना, मनोज भटनागर, अमित भटनागर, गीतिका श्रीवास्तव, मधु सक्सेना, आस्था सौरिखिया, अखिलेश सौरिखिया, सौरभ श्रीवास्तव, नीतू सक्सेना, प्रवीण माथुर, राजश्री सक्सेना, राजेश सक्सेना, रंजना श्रीवास्तव, गरिमा माथुर, नम्रता श्रीवास्तव, रितेश रंजन, ज्योति श्रीवास्तव, साधना विद्यार्थी, अंजू सक्सेना सहित बड़ी संख्या में कायस्थ समाज व अन्य वर्ग के लोग मौजूद रहे।




## अब धोखाधड़ी करने पर धारा 318 का है प्रावधान : एडवोकेट संजय कुमार कश्यप



गाजियाबाद कोर्ट में कार्यरत एडवोकेट संजय कुमार कश्यप ने बताया की धोखाधड़ी करने पर धारा 420 प्रावधान था। भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 420 के तहत धोखाधड़ी के लिए सात साल तक की कैद और जुमार्ने की सजा हो सकती थी। यह धारा किसी व्यक्ति को छल करके संपत्ति या मूल्यवान प्रतिभूति दिलाने से संबंधित थी। हालाँकि, भारतीय न्याय संहिता (BNS) लागू होने के बाद, धारा 420 को प्रतिस्थापित कर दिया गया है और धोखाधड़ी के अपराध के लिए अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 के तहत दंड का प्रावधान है

# राजेंद्र नगर रामलीला मैदान में ब्रज के कलाकारों ने किया रावण वध

## हजारों दर्शकों ने झूले और स्टॉल का लिया आनंद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रामलीला मैदान गोल पार्क राजेंद्र नगर साहिबाबाद में मेघनाथ बध सती सुलोचना एवं रावण बध की लीला का अति सुंदर मंचन हुआ। इसके बाद भव्य सुन्दर आतिशबाजी की गई। फिर रावण कुंभकर्ण मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जिसमें आदर्श बृजवासी विप्र रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडल मथुरा के द्वारा अभिषेक शर्मा श्रीरामजी, यश शर्मा लक्ष्मण, मनीषा जानकी, नेहा मंदोदरी के स्वरूप में श्रीहरि जी हनुमान के स्वरूप में एवं भीम सिंह रावण के स्वरूप में कन्हैया गोस्वामी मंदोदरी एवं कान्हा सैनी हास्य कलाकार के रूप में लोगों का मनोरंजन एवं हंसाने का कार्य कर रहे ब्यास महेश की मधुर चौपाइयों से मनोज पंडित के दिशा निर्देशन में आरती गहलोत भारती एवं नेहा सभी कलाकारों ने बहुत ही सुंदर स्वरूप में लीला का मंचन किया। रामलीला का मुख्य आकर्षण का केंद्र छोटे बड़े झूले एवं चटपटे स्टॉल का भी आनंद लोगों ने लिया। इस अवसर पर आज के मुख्य अतिथि विनोद गुप्ता उद्योगपति संपत किला हमारे संरक्षक रहे मुख्य संयोजक एसपी सिंह ने बताया कि इस वर्ष की रामलीला बहुत ही सुंदर की जा रही है। लोगों को आकर्षित कर रही है। इस वर्ष हमारी समिति स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। दशहरा के दिन हजारों की संख्या में लोगों ने मेले का आनंद उठाया। जय श्रीराम के जय कारों से पूरा मैदान गूंजता रहा। अध्यक्ष रमाकांत पांडे महामंत्री रामजी झा, सत्येंद्र परिहार, राकेश सूद, सुरेंद्र भारती, के के दुबे, धर्मेंद्र दुबे, राजेश शर्मा, संरक्षक कुसुम सिंह, सोनू मिश्रा, चंदन झा, भूपेंद्र मेहता, ललित मिश्रा, संजय सिंह, गंगा सिंह, नादिर अली, अजय कुमार, दिलीप गुप्ता, कन्हैया, अभिमन्यु सिंह, डॉ के पी मिश्रा, डॉ डी एस मिश्रा आदि समिति के लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारी पर पूरे ग्राउंड पर उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहा। थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह भी पूरी टीम के साथ मैदान पर घूम रहे थे महिला पुलिस भी पूरे समय ग्राउंड पर उपलब्ध रही।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ रिश्ते अपनेपन के एहसास से भरपूर होते हैं। ऐसे ही अपनेपन का एहसास भाजपा नेता कुंजन पंडित के जन्मदिन पर भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने दिखाए। कुंजन पंडित के जन्मदिन पर अजय शर्मा का यह अंदाज और उनकी पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



## न्यूज डायरी

### पाकिस्तान के पेशावर में बड़ा हमला, बम विस्फोट में नौ लोगों की मौत, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बार फिर बड़ा हमला हुआ है। पाकिस्तान के पेशावर में एक भीषण बम विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई है और चार पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। घायलों की हालत गंभीर है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, पेशावर कैपिटल सिटी के पुलिस अधिकारी मियां सईद के कार्यालय की तरफ से घटना की पुष्टि की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हमले का निशाना पुलिस अधिकारी थे। पेशावर पुलिस ने बताया कि, 'शुरूआती जांच से पता चला है कि जिस जगह विस्फोट हुआ, वहां से पुलिस का एक वाहन गुजर रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मसूद बंगश ने कहा कि सुरक्षा बल मौके पर जांच कर रहे हैं और सबूत जुटा रहे हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगटी ने इसे आतंकी हमला करार देते हुए कहा, ह्लआतंकी कायराना हमलों से राष्ट्र की एकता और संकल्प को कमजोर नहीं कर सकते।

### पुतिन ने पीएम मोदी की तारीफ की

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर की शुरूआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने अपने देश की सरकार को भारत के साथ व्यापार असंतुलन कम करने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सोची में आयोजित वलदाई अंतरराष्ट्रीय मंच से पुतिन ने कहा कि रूस और भारत के बीच कभी कोई समस्या या तनाव नहीं रहा और दोनों देश हमेशा एक-दूसरे की संवेदनशीलताओं का ध्यान रखते आए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मित्र बताते हुए उनकी 'संतुलित, समझदार और राष्ट्रवादी' नेतृत्व शैली की सराहना की। पुतिन ने कहा कि भारत ने अमेरिका के दबाव के बावजूद रूस से तेल आयात जारी रखकर अपनी संप्रभुता और प्रतिष्ठा को मजबूत किया। उन्होंने संकेत दिया कि व्यापार संतुलन के लिए रूस भारत से कृषि उत्पाद और दवाइयों की खरीद बढ़ा सकता है। राष्ट्रपति पुतिन ने दोनों देशों के बीच वित्तीय, लॉजिस्टिक और भुगतान से जुड़ी चुनौतियों को हल करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का उपयोग किया जा सके। उन्होंने याद दिलाया कि रूस-भारत के 'विशेष सामरिक साझेदारी' समझौते की 15वीं वर्षगांठ निकट है। साथ ही, उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत तकनीक के लिए संयुक्त कोष की पहल का भी स्वागत किया।

### इस्राइली नौसेना ने गाजा की नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश कर रही 'फ्लोटिला' को रोका; कई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**इस्राइल।** इस्राइली नौसेना ने भूमध्य सागर में गाजा की नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे 450 अंतरराष्ट्रीय कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। इनमें यूरोपीय सांसद भी शामिल हैं। यह 'ग्लोबल सुमूद फ्लोटिला' के माध्यम से फलस्तीनी लोगों की मदद करने आ रहे थे। बीते दो साल में अब तक के सबसे बड़े प्रयास के तौर पर उभरे इस फ्लोटिला को प्रतीकात्मक मानवीय सहायता और इस्राइल की मुखालफत के तौर पर भी देखा जा रहा है। इस्राइल ने इसे रोकने के बाद अशदोद बंदरगाह पर 600 पुलिसकर्मियों को तैनात कर कार्यकताओं की पहचान और प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की। यह कार्रवाई यहूदी धर्म के सबसे पवित्र दिन योम किप्पुर पर हुई। इस घटना के बाद दुनिया भर में विरोध प्रदर्शन भी हुए। इटली की सबसे बड़ी यूनियन ने हड़ताल का आह्वान किया। पेरिस और बार्सिलोना में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें भी हुई। कार्यकताओं ने फ्लोटिला को गाजा की नाकाबंदी और 'नरसंहार' के खिलाफ वैश्विक चेतना जगाने का प्रयास बताया।

### बांग्लादेश में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, भक्ति और उत्सव का दिखा माहौल

**ढाका।** नवरात्र का पर्व भारत में हर्षोल्लास के साथ विजयदशमी के दिन पूरा हुआ। पड़ोसी मुल्क- बांग्लादेश में भी पांच दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे देश में देवी की मूर्तियों को नदियों में विसर्जित किया। ढाका में हजारों लोग बुरीगंगा नदी पर एकत्र हुए और मंत्रोच्चार व पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ देवी को विदाई दी। इस वर्ष 33,355 पूजा मंडप स्थापित किए गए, जिनमें से 258 ढाका में थे। अंतरिम सरकार ने पूजा के लिए 5 करोड़ टका का अनुदान दिया। हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने सुरक्षा में सहयोग के लिए सेना का आभार जताया, हालांकि 64 जिलों में से 14 में कुछ बाधाओं की खबरें भी सामने आईं। परिषद ने अंतरिम प्रमुख प्रो. मुहम्मद यूनुस की उस टिप्पणी की निंदा की जिसमें उन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार की खबरों को 'फर्जी' बताया। बता दें कि हालिया दिनों में भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव बढ़ा है, और भारत ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई है।

### पीएम स्टार्मर ने यहूदी धर्मस्थल पर हमले की निंदा की

**ब्रिटेन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने मैनचेस्टर के एक सिनेगॉग (धर्मस्थल) पर यहूदियों को निशाना बनाकर किए गए हमले की निंदा की और इसे घृणित बताया। इस हमले में एक व्यक्ति ने कार से लोगों को कुचलने और चाकू से हमला करने की वारदात को अंजाम दिया। हिंसा में दो लोगों की मौत हुई है, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यहूदी समुदाय की सुरक्षा बढ़ाने का वादा किया और कहा, ब्रिटेन एक ऐसा देश है जहां सभी सुरक्षित और सम्मानित महसूस करेंगे। उन्होंने होलोकॉस्ट का उल्लेख करते हुए यहूदियों को ब्रिटेन में शरण पाने की ऐतिहासिक भूमिका को भी याद किया।

### 75 लाख डॉलर में बिकी फ्रांसिस की कलाकृति

गोवा के मशहूर चित्रकार फ्रांसिस न्यूटन सूजा की कलाकृति हाउसेज इन हैम्पस्टेड ने कला जगत में नीलामी का नया रिकार्ड बनाया है। लंदन में सोथबी की नीलामी में यह कलाकृति 75 लाख डॉलर से अधिक राशि में बिकी, जो इसकी निर्धारित कीमत से लगभग सात गुना अधिक है। इस दौरान, विभिन्न कलाकृतियों की बिक्री से कुल 2.55 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि हासिल हुई।

### आयरलैंड : भारतीय दूतावास ने धूमधाम से मनाई गांधी जयंती

**डबलिन।** आयरलैंड की राजधानी डबलिन स्थित भारतीय दूतावास में बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी की 156वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्र ने कहा कि भारतीय समाज में फैलती बहुआयामी असहिष्णुता और बढ़ते विद्वेषपूर्ण राजनीतिक ध्रुवीकरण को शांत करने के लिए गांधी जी के तीन अराजनीतिक विचार अत्यन्त प्रासंगिक हैं। विरोधियों और आलोचकों के साथ सम्मानजनक संवाद : गांधी को जनता की बेहद सराहना मिलती थी क्योंकि उन्होंने आलोचकों के साथ बातचीत और बहस में हमेशा उचित सम्मान और शिष्टता का परिचय दिया। नारी सम्मान : महात्मा गांधी ने साहसपूर्वक कहा था, महिला को कमजोर कहना अपमान है। यह पुरुष द्वारा महिला के प्रति अन्याय है। इसके साथ ही गांधी जी ने देश को आत्म-विश्वास का भी मंत्र दिया।

### ट्रंप बोले- कैरिबियन ड्रग कार्टेल गैरकानूनी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैरिबियाई क्षेत्र में सक्रिय ड्रग कार्टेल को 'अवैध लड़ाके' घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका अब 'गैर-अंतरराष्ट्रीय सशस्त्र संघर्ष' की स्थिति में है। अमेरिकी रक्षा विभाग-पेंटागन ने इस फैसले के बारे में कांग्रेस को सूचित भी कर दिया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिकी सेना ने कैरिबियाई समुद्र में तीन घातक हमले किए थे, जिनमें दो नावें वेनेजुएला से आई थीं। यह कदम ड्रग तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप प्रशासन का यह निर्णय क्षेत्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### वैश्विक दक्षिण में जीवन को बेहतर बनाने के लिए भारत समाधान पेश करता है: गांधी जयंती पर बिल गेट्स का बयान

**वाशिंगटन।** अरबपति कारोबारी और परोपकारी बिल गेट्स ने गांधी जयंती के अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी के सभी के लिए समानता और सम्मान के आदर्श गेट्स फाउंडेशन के कार्यों का आधार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने ऐसे समाधानों का बीड़ा उठाया है जो वैश्विक दक्षिण में लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं। गेट्स गुरुवार को महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में आयोजित एक विशेष समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, कला और व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य, गेट्स ने कहा, 'हम महात्मा गांधी की जयंती पर एक साथ आ रहे हैं।

# पुतिन ने की ट्रंप तारीफ, यूक्रेन को मिसाइल देने पर चेताया



**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलें दी जाती हैं, तो इससे मॉस्को और वॉशिंगटन के रिश्ते गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। हालांकि उन्होंने साफ कहा कि इससे जंग का नतीजा नहीं बदलेगा, क्योंकि रूसी सेना धीरे-धीरे ही सही लेकिन लगातार बढ़त बना रही है।

पुतिन ने कहा कि अगर अमेरिका की टोमहॉक क्रूज मिसाइलें कीव को मिलती हैं, तो यह रूस-अमेरिका संबंधों में तनाव का नया और खतरनाक दौर होगा। उन्होंने दावा किया कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली इस खतरे से जल्दी निपटने में सक्षम है और इसका जंग के मैदान पर संतुलन पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

वहीं, पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि अगस्त में अलास्का में हुई उनकी मुलाकात उत्पादक रही और यूक्रेन संकट का समाधान खोजने की दिशा में एक अच्छी पहल थी।

साथ ही, पुतिन ने पश्चिमी देशों को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने रूसी तेल ले जाने वाले जहाजों को कब्जे में लेने की कोशिश की, तो यह समुद्री डकैती होगी और इसका गंभीर परिणाम निकल सकता है। उन्होंने फ्रांस द्वारा एक तेल टैंकर को रोके जाने को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की आंतरिक समस्याओं से ध्यान हटाने की चाल बताया।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को नाटो को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके देश को उकसाया गया तो रूस तुरंत जवाब देगा। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन पर चल रहे युद्ध में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो गठबंधन रूस के खिलाफ लड़ रहा है। सोची में अपने वार्षिक संबोधन में पुतिन ने कहा सभी नाटे देश हमारे खिलाफ लड़ रहे हैं। वे यूक्रेन को खुफिया जानकारी, हथियार और प्रशिक्षण दे रहे हैं। अगर यूरोप हमें भड़काने की कोशिश करता है तो हम चुप नहीं बैठेंगे।

उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को खारिज किया कि रूस कागजी शेर है। पुतिन ने कहा कि रूस की सेना दुनिया की सबसे सक्षम सेना है। पुतिन ने नाटो को भी ह्यकागजी शेरह्ण बताया और कहा कि अगर पश्चिम सोचता है कि रूस कमजोर है, तो वह नाटो के खिलाफ भी वही विचार रखता है। पुतिन ने यूरोपीय नेताओं की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि यूरोप लगातार रूस के खिलाफ हंगामा कर रहा है और युद्ध का खतरा बढ़ा रहा है।

हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस कभी भी नाटो सदस्य पर हमला करने की संभावना को नहीं मानेगा। रूसी राष्ट्रपति कहा कि रूस के पास यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए पर्याप्त सैनिक हैं। कीव चाहता है कि युद्ध रुके तो उसे बातचीत की मेज पर आना चाहिए। अमेरिका के साथ संबंधों पर उन्होंने कहा कि रूस अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए अमेरिका के साथ संबंध स्थापित करेगा।

### चार्ली किर्क की हत्या घिनौना अपराध- पुतिन

अमेरिकी नेता चार्ली किर्क की हत्या पर पुतिन ने इसे घिनौना अपराध बताया और कहा कि यह अमेरिकी समाज में गहरे विभाजन को दिखाता है। उन्होंने किर्क को उन रूढ़िवादी मूल्यों का समर्थक करार दिया जिनसे रूस भी सहमत है। पुतिन ने माइकल ग्लॉस की भी प्रशंसा की, जो सीआईए अधिकारी के बेटे थे और रूसी सेना में शामिल होकर 2024 में यूक्रेन युद्ध में मारे गए। उन्हें मरणोपरांत रूस का वीरता पदक दिया गया, जो ट्रंप के दूत को मास्को यात्रा के दौरान सौंपा गया।

# नेपाल के बाद मोरक्को में जेन-जी का प्रदर्शन, पुलिस से भिड़ंत में तीन प्रदर्शनकारियों की मौत



**- देश के 23 प्रांतों में सैकड़ों कारों के साथ-साथ बैंकों, दुकानों और सार्वजनिक इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है।**

**मोरक्को।** मोरक्को में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी लगातार जारी है, बीते रात भारी संख्या में प्रदर्शनकारी युवा सड़कों पर उतरे और सुरक्षाकर्मियों के साथ उनकी झड़प हुई, जिसमें तीन प्रदर्शनकारी मारे गए। मोरक्को में युवाओं के आंदोलन के उग्र होने और तीन प्रदर्शनकारियों के मारे जाने के एक दिन बाद गुरुवार को सरकार ने कहा कि वह उनकी शिकायतों का समाधान करेगी।

### संवाद और बहस के लिए तैयार हूं- पीएम अजीज

प्रधानमंत्री अजीज अखन्नौच ने कहा कि वे इन मौतों पर शोक व्यक्त करते हैं। उन्होंने कानून प्रवर्तन एजेंसियों की व्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों के लिए प्रशंसा की तथा संकेत दिया कि सरकार बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों के प्रति सकारात्मक रुख अपनाने को तैयार है। प्रधानमंत्री ने मंत्रिपरिषद को संबोधित करते हुए कहा कि वह संस्थाओं और सार्वजनिक स्थानों के भीतर संवाद और बहस के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने चर्चा का विवरण नहीं दिया। पीएम अखन्नौच ने कहा, हमारे देश के सामने आने वाली कई समस्याओं से निपटने के लिए बातचीत पर आधारित दृष्टिकोण ही एकमात्र रास्ता है।

मंत्रालय ने बताया कि 354 लोग जिनमें ज्यादातर कानून प्रवर्तन अधिकारी हैं घायल हुए हैं। उसने बताया कि देश के 23 प्रांतों में सैकड़ों कारों के साथ-साथ बैंकों, दुकानों और सार्वजनिक इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, पूरे देश में लगभग 70 प्रतिशत प्रदर्शनकारी नाबालिग हैं।

### 'दंगाइयों ने सार्वजनिक भवनों पर किया हमला'

अधिकारियों ने गुरुवार को इस सप्ताह के दंगों में मरने वालों की संख्या तीन बताई और कहा कि सशस्त्र दंगाइयों ने सार्वजनिक भवनों पर हमला किया और कानून व्यवस्था को बाधित किया। वहीं, युवाओं के नेतृत्व में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के समाप्त होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि तटीय शहर अगादिर के बाहरी इलाके में स्थित एक छोटे से कस्बे लेकलिया में बुधवार को सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। मोरक्को के गृह मंत्रालय ने कहा कि पुलिस के हथियार छीनने की कोशिश के दौरान तीनों को गोली लगी। हालांकि कोई भी गवाह इस खबर की पुष्टि नहीं कर सका।

# भारत ने दिखाई वैश्विक ऊर्जा नेतृत्व की राह

## हरिवंश बोले- इन खनिजों से भारत बनेगा आत्मनिर्भर



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने दक्षिण अफ्रीका के क्लेनमंड में आयोजित 11वें जी20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी20) में भारत के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह मिशन न केवल भारत के लिए आत्मनिर्भरता का मार्ग है, बल्कि वैश्विक स्तर पर जलवायु लक्ष्यों की प्राप्ति में भी मददगार साबित होगा।

हरिवंश ने सम्मेलन में 'न्यायसंगत ऊर्जा संक्रमण के लिए वित्त जुटाना' विषय पर बोलते हुए भारत की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अपने मुख्य संबोधन में हरिवंश ने महत्वपूर्ण खनिज की महत्ता पर जोर देते हुए बताया कि भारत का नेशनल महत्वपूर्ण खनिज मिशन घरेलू खोज, तकनीकी विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का संगम है। इसका उद्देश्य लचीली वैल्यू चेन बनाना और दीर्घकालिक खनिज सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न देशों के साथ तकनीक, प्रशिक्षण और सतत विकास प्रथाओं के आधार पर सहयोग बढ़ा रहा है। इसमें अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्षेत्र अहम साझेदार होंगे। इसके अलावा, भारत रणनीतिक भंडार और ज्ञान नेटवर्क भी तैयार कर रहा है। हरिवंश ने बताया कि यह मिशन वित्त वर्ष 2024-25 से 2030-31 तक सात वर्षों के लिए लागू किया जाएगा। इसके लिए 16,300 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। साथ ही, सार्वजनिक उपक्रमों और अन्य स्रोतों से करीब 18,000 करोड़ रुपये का निवेश भी अपेक्षित है। अब तक सरकार ने 59 खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की है।

### नवीकरणीय ऊर्जा में भारत की स्थिति

उन्होंने कहा कि भारत विश्व में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता में चौथे स्थान पर है। पवन ऊर्जा में भी भारत चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर है। पीएम सूर्य घर, पीएम-कुसुम और पीएम जनमन जैसी योजनाओं ने इस बदलाव को गति दी है। इनसे किसानों, आदिवासी इलाकों और आम नागरिकों तक ऊर्जा पहुंचाई जा रही है।

# कोलंबिया में बिक रहीं भारतीय बाइक्स की राहुल ने की तारीफ

## बोले- नवाचार से जीत रहीं कंपनियां



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इन दिनों दक्षिण अमेरिका के चार देशों के दौरे पर हैं। इस दौरान जब वे कोलंबिया पहुंचे तब वहां उन्होंने भारतीय दोपहिया वाहन कंपनियों बजाज, हीरो और टीवीएस की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों की सफलता दिखाती है कि भारतीय कंपनियां इनोवेशन (नवाचार) के दम पर जीत सकती हैं, न कि भाई-भतीजावाद से।

बता दें कि राहुल गांधी ने कोलंबिया की सड़कों पर बजाज पल्सर मोटरसाइकिल के सामने खड़े होकर एक तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। साथ ही लिखा कि बजाज, हीरो और टीवीएस को कोलंबिया में इतना अच्छा प्रदर्शन करते देखकर गर्व महसूस हो रहा है। यह दशार्ता है कि भारतीय कंपनियां साठगांठ वाले पूंजीवाद से नहीं, बल्कि नवाचार से सफलता हासिल कर सकती हैं।

इससे पहले गुरुवार को अपने कोलंबिया दौरे के दौरान राहुल गांधी ने ईआईए यूनिवर्सिटी में आयोजित एक सेमिनार 'द फ्यूचर इड टूडे' को संबोधित भी किया था। जहां उन्होंने लोकतंत्र और उद्योगजगत के बारे में बातचीत की थी।

साथ ही दावा किया था कि मौजूदा समय में भारत में ह्यलोकतांत्रिक व्यवस्था पर व्यापक हमलाह्ण हो रहा है, लेकिन यह एक ऐसा बड़ा जोखिम है जिससे देश को पार पाना होगा। साथ ही राहुल ने ये भी कहा था कि भारत में कुछ गिने-चुने उद्योगपतियों का पूरा अर्थव्यवस्था पर कब्जा होता जा रहा है, जो खतरनाक है।

# निचले सदन ने 5000 रियाल तक की मासिक आय को आयकर से मुक्त करने का बिल किया मंजूर



**ब्राजील।** ब्राजील की निचले सदन ने एक एतिहासिक फैसला लेते हुए कम आय वाले लोगों के लिए आयकर छूट बढ़ाने वाला बिल मंजूर कर दिया। नए नियम के तहत अब मासिक आय 5,000 रियाल (लगभग 940 अमेरिकी डॉलर) तक की होगी, जो पहले की तुलना में दोगुनी से अधिक है। बिल अब सीनेट में जाएगा, जहां राष्ट्रपति को इसके पारित होने की उम्मीद है। यह राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के 2022 के चुनावी अभियान की एक प्रमुख प्राथमिकता को पूरा करेगा। लूला अगले साल पुनः चुनाव लड़ने की उम्मीद कर रहे हैं।

राष्ट्रपति लूला ने इस निर्णय को कर न्याय और असमानता के खिलाफ जीत बताते हुए कहा कि यह लगभग 1.5 करोड़ ब्राजीलियाई कामगारों को लाभान्वित करेगा। मार्च में संसद में प्रस्तुत बिल के अनुसार, उच्च आय वर्ग के लिए न्यूनतम प्रभावी कर लागू किया जाएगा, जिससे सरकार की आय में होने वाले नुकसान की भरपाई होगी।

### 1 जनवरी 2026 से होगा प्रभावी

नई न्यूनतम कर दर 6,00,000 रियाल वार्षिक आय वाले लोगों पर लागू होगी और 12,00,000 रियाल वार्षिक आय वाले लोगों के लिए यह 10 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। ब्राजील के वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस कानून का लक्ष्य लगभग 1,41,000 अमीर नागरिक होंगे, जो वर्तमान में औसतन 2.5 प्रतिशत की प्रभावी कर दर का भुगतान करते हैं। यदि यह उपाय सीनेट से पास हो जाता है, तो लूला इसे कानून में तब्दील करेंगे और यह 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा। निचले सदन में सर्वसम्मति से पास होना, जबकि लूला की गठबंधन सरकार को बहुमत नहीं है, व्यापक जन समर्थन और विपक्ष की कमजोर स्थिति को दशार्ता है। आयकर छूट बढ़ाने से लूला को बड़ा राजनीतिक लाभ मिल सकता है और इससे उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी पूर्व दक्षिणपंथी राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों में से झुकाव वाले मतदाताओं को आकर्षित किया जा सकता है, ऐसा अलागोआस विश्वविद्यालय की राजनीतिक वैज्ञानिक लुसियाना सान्ताना का कहना है। सान्ताना के अनुसार यह नीति बड़ी संख्या में जनता पर प्रभाव डालेगी और सरकार को इसकी सख्त जरूरत है, क्योंकि इसका सामाजिक असर व्यापक है। ब्राजील की राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी क्क्चत्रश्व के अनुसार, 2024 में देश की लगभग 90 प्रतिशत आबादी की प्रति व्यक्ति घरेलू आय 4040 रियाल से कम थी।

2022 के चुनाव में लूला और बोल्सोनारो दोनों ने आयकर छूट को कम से कम दोगुना करने का वादा किया था, जिसे लूला ने मामूली अंतर से जीता। बोल्सोनारो ने 2018 के अभियान में भी इसे लागू करने का वादा किया था, लेकिन सफल नहीं हुए। स्पीकर हुगो मोट्टा के समय पर इस प्रस्ताव को एजेंडा में रखने के फैसले से लूला को फायदा मिल सकता है। हाल ही में जनता ने बोल्सोनारो और अन्य को मिली कूप प्रयास के लिए माफी पर चर्चा के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन किया।

हुगो मोट्टा ने कहा कि आयकर छूट राज्य का कृपा नहीं, बल्कि एक अधिकार की पुष्टि है, जो सामाजिक न्याय की दिशा में एक कदम है और 5,000 रियाल तक कमाने वालों के लिए अधिक पैसा सुनिश्चित करता है। गेटुलियो वर्गास फाउंडेशन की अर्थशास्त्री कार्ला बेनी ने कहा कि प्रस्तावित छूट ऐसे असंतुलन को सुधारने में मदद करेगी, जिसमें कई अमीर अपेक्षाकृत कम कर देते हैं, जबकि गरीब अधिक कर चुकाते हैं।

# जर्मनी: म्यूनिख हवाई अड्डे के पास दिखा रहस्यमयी ड्रोन रोका गया उड़ानों का परिचालन; हजारों यात्री प्रभावित



**म्यूनिख।** म्यूनिख हवाई अड्डे को गुरुवार देर रात अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में ड्रोन देखे जाने के बाद यह फैसला लिया गया। हवाई अड्डा संचालकों ने बताया कि जर्मनी के हवाई यातायात नियंत्रण ने रात 10 बजे के बाद हवाई अड्डे पर उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया तथा फिर उन्हें पूरी तरह से रोक दिया।

अधिकारियों ने बताया कि 17 उड़ानें रवाना नहीं हो सकीं, जिससे लगभग 3,000 यात्री प्रभावित हुए, जबकि 15 आने वाली उड़ानों को जर्मनी के तीन अन्य हवाई अड्डों स्टुटगार्ट, नूर्नबर्ग, फ्रैंकफर्ट पर तथा ऑस्ट्रिया के वियना स्थित एक हवाई अड्डे पर भेज दिया गया।

हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और अग्निशमन विभाग को तुरंत अलर्ट किया गया, और जांच जारी है। यह यूरोप में हवाई अड्डों तथा अन्य महत्वपूर्ण अवसंरचना स्थलों पर ड्रोन देखे जाने की घटनाओं की श्रृंखला में एक नई घटना है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस तरह की घटनाओं के पीछे किसका हाथ है, लेकिन यूरोपीय अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि इसके पीछे रूस हो सकता है। रूसी अधिकारियों ने डेनमार्क में हाल ही में हुई ड्रोन घटनाओं में शामिल होने के दावों को खारिज कर दिया है।

### डेनमार्क के सैन्य अड्डे पर दिखे थे रहस्यमयी ड्रोन

इससे पहले पिछले महीने के अंत में डेनमार्क के कई सैन्य ठिकानों के ऊपर अज्ञात ड्रोन देखे गए थे। इन रहस्यमयी उड़ानों ने उत्तरी यूरोप की सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ा दी थी। इससे पहले भी ड्रोन की गतिविधियों के चलते कई डेनिश हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा था।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 27 सितंबर को सैन्य एयरबेस के भीतर और बाहर ड्रोन दिखाई दिए थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रात आठ बजे के आसपास कई ड्रोन हवा में थे। कुछ समय के लिए वहां का हवाई क्षेत्र नागरिक विमानों के लिए बंद कर दिया गया, हालांकि फिलहाल करुप से कोई वाणिज्यिक उड़ानें संचालित नहीं होतीं।

# बगावत से डरा पाकिस्तान: पत्रकारों पर पाबंदी लगाने की कर रहा तैयारी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजनीति में इन दिनों एक सरकारी विज्ञापन के चलते सियासी गर्माहट अपने चरम पर पहुंच गया है। कारण है कि पाकिस्तानी सरकार की तरफ से एक आधा पेज का विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, जिसमें पत्रकारों, फ्रीलांसरों, एनजीओ के कामगारों और नागरिक समाज के लोगों को ह्यदुश्मन की प्रचार सामग्रीह्ण फैलाने वाले बताया गया है। इस विज्ञापन ने प्रेस की आजादी और मानवाधिकार कार्यकताओं में भारी नाराजगी पैदा कर दी है।

यह विज्ञापन एक और दो अक्तूबर को कई बड़े अखबारों में प्रकाशित हुआ, जिसमें कहा गया कि आज के युद्ध की जमीन बंदूक से नहीं, बल्कि सूचना से लड़ी जा रही है। विज्ञापन में बताया गया कि आज के दुश्मन बंदूकों की बजाय सूचना का इस्तेमाल करता है और यह दुश्मन कभी-कभी पत्रकार, एनजीओ कर्मचारी या फ्रीलांसर के रूप में भी दिख सकता है। इसके जरिए वे संवेदनशील जानकारी लेकर डर और अशांति फैला सकते हैं।

### मीडिया संस्थानों ने इस विज्ञापन की आलोचना की

मामले में फ्रीडम नेटवर्क नामक मीडिया संस्था ने इस विज्ञापन की कड़ी आलोचना की है। साथ ही कहा है कि यह विज्ञापन पत्रकारों और नागरिक समाज के लोगों को खतरे में डालता है, क्योंकि इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना गया है।

इसके साथ ही, ह्यूमन राइट्स कमीशन ऑफफ पाकिस्तान (एचआरसीपी), वुमेंस एक्शन फोरम (लाहौर), शिरकत गा, साउथ एशिया पार्टनरशिप-पाकिस्तान, सिमोर्घ और क्लास जैसी मानवाधिकार संस्थाओं ने भी इस विज्ञापन की निंदा की है। इन सभी ने कहा है कि यह विज्ञापन पाकिस्तान में पहले से ही कम होती जा रही स्वतंत्रता की आवाजों को और भी दबाता है।

बता दें कि यह विज्ञापन ऐसे समय में आया है जब सरकार ने डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी शुरू की है, खासकर एक विपक्षी नेता की जेल जाने के बाद। अधिकारों के समर्थक चिंतित हैं कि इस विज्ञापन के कारण पत्रकारों और सभी एनजीओज पर हमले बढ़ सकते हैं और उनकी आवाज दबाई जा सकती है। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार द्वारा स्वतंत्र आवाजों को ह्यदुश्मनह्ण बताने से लोकतांत्रिक अधिकारों पर खतरा बढ़ेगा और लोग डर के कारण सच बोलने से डरेंगे।

## गाजियाबादः नगर निकाय योजनाओं की समीक्षा बैठक

# जनता की जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में नगर निकायों में चल रही योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम और नगर पंचायतों में हो रहे कार्यों की प्रगति और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने राज्य वित्त आयोग, 15वें वित्त आयोग, अवस्थापना निधि, मुख्य नगर सर्जन योजना, बंधन योजना, मुख्यमंत्री नगरोदय वैश्विक योजना, पं. दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना, अन्त्येष्टि स्थल योजना और पेयजल योजना जैसी योजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने मोदीनगर, खोड़ा-मकनपुर, लोनी, मुरादनगर नगर पालिकाओं और डासना, फरीदनगर, पतला व निवाड़ी नगर पंचायतों के अधिकारियों से पेयजल, सड़क, बिजली, स्वच्छता, सौंदर्यकरण, प्रकाश व्यवस्था, गौशाला, धर्मशाला और सरकारी भवनों की स्थिति व खर्च निधि पर जानकारी प्राप्त की।

### डीएम के निर्देश

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी ने कहा कि कार्ययोजनाएं वित्तीय वर्ष के अनुरूप तैयार हों और उनमें जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने साफ कहा कि योजनाओं का असली लाभ तभी है जब उसका असर सीधे जनता के जीवन स्तर में सुधार के रूप में दिखे। जहां जरूरत पहले है, वहां सुविधा पहले उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में एडीएम (ई) रणविजय सिंह, सभी अधिशासी अभियंता, जल निगम अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## छात्राओं के सहयोग से चला यातायात जागरूकता अभियान

# बेटियां बोलीं, हेलमेट पहनो तभी बचेगी जान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नर गाज़ियाबाद के आदेश पर मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने, प्रेरित करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। शुक्रवार को हापुर चुंगी चौराहे पर डीसीपी ट्रैफिक , एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद और एसीपी अजय सिंह की मौजूदगी में अभियान चलाया गया।

### बेटियों ने की अपील हेलमेट लगाइए प्लीज

**करंट क्राइम।** अभियान के तहत शहर के प्रमुख चौराहों व तिराहों पर इंग्राहम इंस्टीट्यूट हापुड़ रोड की कक्षा 11वीं व 12वीं की छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। छात्राओं ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया और निम्नलिखित बातों पर जागरूक किया।

- दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें।
- दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं।
- चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।
- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें।
- निर्धारित गति सीमा का पालन करें।

### अभियान के तहत काटे गए चालान

**करंट क्राइम।** अभियान के दौरान छात्राओं द्वारा संदेश देने के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई भी की गई। यातायात निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक की टीम ने 568 वाहन चालकों का चालान काटा। यातायात पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। साथ ही सभी नागरिकों से अपील भी की गई है।

- कृपया यातायात नियमों का पालन करें।
- स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा में योगदान दें।
- अपने बच्चों व परिवार को भी यातायात नियम मानने के लिए प्रेरित करें।
- यातायात पुलिस का सहयोग करें और मिशन शक्ति जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार से आ रही है आवाज? कंटेनर के मुरीद हो गये हैं एक भगवा मैम्बर साहब? सुना है चौधरी साहब सिंचाई विभाग वालों के साथ बैठकर अक्सर कंटेनर में ही बैठकर बिताते हैं टाईम? जब वो बैठे होते हैं इसमें तब देखते ही बनती है उनकी शाईन? आखिर इतना इसमें बैठने की क्या वजह है? कोई तो गहरी बात है जो उनको आ रहा है इतना मजा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वाले भारद्वाज जी की रामलीला में फ्री वाले पास बंट गये अनेक? फिर बात ऐसी आई कि हाथापाई भी हुई और दर्ज होने वाला था केस? सुना है इसी बीच ये मामला पहुंच गया हैवीवेट वालों के पास? फिर बदल गये इस पूरे मामले के अंदाज? कहने वाले ने कहा जब मामला पहुंच जाता है इन-द-हैंड-ऑफ-हैवीवेट? तब बंद हो जाते हैं उनके आते ही बड़े से बड़े खुले हुए गेट? सुना है अब भारद्वाज जी भी नहीं ले रहे हैं कोई अपडेट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगता है अब कम हो गई है पोटली वाले क्रान्तिकारी गुप्ता जी के शब्दों की धार? आजकल दिखाई नहीं दे रहा उनका क्रान्तिकारी अवतार? अब नहीं कर रहे हैं वो बड़े वाले जनप्रतिनिधि पर शब्दों का वार? लगता है पॉवर साहब के दूर रहने की वजह से कम हुई है? नहीं तो ऐसा कोई हफ्ता नहीं जाता था? जिसमें नहीं आते थे क्रान्तिकारी गुप्ता जी के क्रान्तिकारी विचार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं तेरी दुश्मन, दुश्मन तू मेरा? हमने देखा वो काम कर दिया त्यागी जी ने जो नहीं कर पाया सपेरा? पकड़ लिया उन्होंने 8 फुट का सांप? सांप के बारे में वो नेशनल ज्योग्राफिक वाले स्टाईल में सबकुछ स्पष्ट बता रहे थे? मगर उनका लहजा करा रहा था एहसास? जैसे उनका अंदर का वीरू गया है जाग? जो भी हो यूं ढहाये ना वो इस कदर अपने ऊपर रिस्क वाला कहर? क्योंकि सांप में होता है बहुत ज्यादा जहर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूरी राय से उन्होंने पूरे मान के साथ सुनी क्रासिंग वाली मैडम की गुजारिश? हम हो गये उनकी अदा पर कायल? जब उन्होंने गुजारिश सुनते ही योद्धा को फोन मिलाकर मैडम जी के लिए कर दी सिफारिश? कराया उन्होंने कार्यकर्ता को इस बात का एहसास? क्या दिक्कत है हमें आपके लिए कुछ कहने में? अगर बन जाये आपकी बात? आप कहें तो वेस्टर्न वालों को भी मिला दें हम फोन? सुना है पूरे मान से इस सिफारिश के अंदाज को देखकर मैडम हो गईं बहुत खुश? कराया उन्होंने अपने शब्दों से एहसास? आखिर कार्यकर्ता को कौन करता है इस तरह राजनीति में पुश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मुराद पूरी करने वाले बड़े दिल के विधायक को भी मिलना चाहिए कविनगर वाली रामलीला में संरक्षक वाला स्थान? हम चाहेंगे कि आगे से यहां के आयोजक दें इस बात पर ध्यान? वो भी हैं दो बार के जनप्रतिनिधि, उनका बड़ा है मयार? सिर्फ गर्ग साहब के नाम पर ही क्यों हों इस बात पर विचार? वैसे भी कविनगर रामलीला मैदान आता है मुराद पूरी करने वालों के क्षेत्र में? जब तक नहीं बनाया जायेगा उनको संरक्षक? तब तक कमेटी के लोग चुभते रहेंगे हमारे नेत्र में?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज आ रहे हैं साहब? देखना अब ये होगा क्या होगा भगवा वालों का अंदाज? कितने चेहरे लेंगे आज मिलाई वाला रिस्क? सुना है इस मिलाई में कईयों का मामला धरती में कर दिया है फिक्स? मगर हमें पता है क्षेत्र में हैं काफी जाबाज? जिन्हें मिलना है वो मिल कर रहेंगे? भले ही वैश्य नेता हों या शर्मा जी, कोई कितना ही हो जाये नाराज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूरे अरमान से नागर जी के सामने रखने वालों ने रखी थी एक डिमांड? कहा था अगर आप गर्ग साहब से हमारे पक्ष में बात करें? तो बंद हो जायेंगे जितने भी चल रहे हैं रामलीला की टीम को लेकर कांड? सुना है सिफारिश करने वालों को नहीं था इस बात का एहसास? मिस्टर नागर खड़े कर देंगे अपने एकदम से हाथ? पता चला है नागर जी ने बिल्कुल भी नहीं किया इन लोगों को सपोर्ट? अपनी राजनीति को वो रखना चाहते हैं एकदम फिट? सिफारिशों के फेर में नहीं लगने देना चाहते हैं कोई भी चोट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बहुत अच्छा लगता है बहारों में फूलों का खिलाना? मगर उससे भी ज्यादा चर्चा में हैं इन दिनों गोयल जी और तेवतिया जी का कसकर गले मिलना? सुना है कसकर गले मिलकर दोनों ने दिया है कहीं पर बड़ा संदेश? कराया है एहसास कि आप कितने ही ताकतवर क्यों ही ना हो गये हों? मगर आज भी साथ-साथ हैं हम दोनों के फेस? कहने वाले ने कहा तेवतिया जी और गोयल जी हकीकत में बहुत शार्प हैं? वो बिना कुछ कहें दे देते हैं इस तरह के संदेश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब तो हमें डर लगता है जनप्रतिनिधि को मिलाते हुए फोन? पता नहीं कैसा मूड होगा उनका क्या निकल आये टोन? इसलिए हमने लिया है ये ठान? कुछ भी हो जायें नहीं बतायेंगे उनको काम? हाल ही में सुना होगा उनके गुस्से का ताजा अपडेट? हम बिना विकास के ही कर लेंगे इस बार अपनी दीपावली सेलीब्रेट?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# राजनगर रामलीला में आज होगा भव्य कवि सम्मेलन



विजय सिंह | मयंक शर्मा | राज कौशिक | प्रतीक गुप्ता



प्रताप सिंह | कोमल रस्तोगी | डा. उषा श्रीवास्तव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर रामलीला समिति द्वारा विराम दिवस के अवसर पर आज शाम 7 बजे से भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मंचन रामलीला मंच, राजनगर पर होगा। समिति अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता ने बताया कि इस कवि सम्मेलन के संयोजक और संचालन की जिम्मेदारी मशहूर शायर एवं वरिष्ठ पत्रकार राज कौशिक को सौंपी गई है।

कवि सम्मेलन में देशभर से ख्यातनाम कवि और शायर काव्यपाठ करेंगे। इनमें शामिल हैं - विजेंद्र सिंह परवाज (विश्व प्रसिद्ध शायर), प्रताप सिंह फौजदार (हास्य सम्राट), डॉ. प्रतीक गुप्ता (हास्य कवि, मेरठ), कोमल रस्तोगी (गीतकारा, मेरठ), मयंक शर्मा (गीतकार, मुरादाबाद), डॉ. उषा श्रीवास्तव (कवयित्री, साहिबाबाद)।

कवि सम्मेलन के आयोजन से रामलीला मंच पर सांस्कृतिक रंगत और गहराएगी।

# गाजियाबाद में मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारी

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत आगामी विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें सभी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिया कि हर विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए मतदान केंद्रों पर कम से कम दो अनुभाग (पार्ट्स) जरूर होंगे। मतदाता सूची में किसी भी तरह की गलती को चिन्हित कर उसे बी.एल.ओ. (बूथ लेवल अधिकारी) के माध्यम से सुधारा जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि 100 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं का विशेष रूप से सत्यापन किया जाए। साथ ही, वर्ष 2003 की मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाताओं को 2025 की नई सूची से मिलान करने का काम भी बी.एल.ओ. के माध्यम से कराया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सभी आरओ और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### क्या है पुनरीक्षण?

मतदाता सूची का पुनरीक्षण यानी पहले से बनी वोटर लिस्ट को दोबारा जांचना और अपडेट करना।

- नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाते हैं।
- मृतक या स्थानांतरित लोगों के नाम हटाए जाते हैं।
- पहले से दर्ज नाम, पता या उम्र की त्रुटि सुधारी जाती है।
- 100 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाताओं का विशेष सत्यापन होता है।

## गाजियाबाद में हाईटेक नर्सरी की शुरुआत

### किसानों को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री, लागत घटेगी और लाभ बढ़ेगा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादन की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश ने गाजियाबाद के कविनगर आई-ब्लॉक स्थित राजकीय पौधशाला में एक हाईटेक नर्सरी की स्थापना की है।

जिला उद्यान अधिकारी निधि सिंह ने जानकारी दी कि इस नर्सरी में पौधे आधुनिक तकनीक के आधार पर तैयार किए जाएंगे। यहाँ तैयार पौध सामग्री रोगमुक्त और उच्च उत्पादकता वाली होगी। नियंत्रित वातावरण में उत्पादन होने से रोग और कीट का खतरा न्यूनतम रहेगा और पौधे जल्दी तथा सुनिश्चित समय पर तैयार हो जाएंगे।

हाईटेक नर्सरी में टिशू कल्चर, शेडनेट हाउस और ग्रीन हाउस जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे पौधों की गुणवत्ता वैश्विक मानकों के अनुरूप होगी। साथ ही, यहाँ तैयार पौधे स्थानीय मिट्टी और जलवायु के अनुकूल होंगे, जिससे उनकी सफलता दर अधिक रहेगी।

किसानों को विशेष लाभ

- किसानों को मात्र 1 रुपये प्रति पौधा की दर से पौध तैयार कराने की सुविधा मिलेगी।
- इससे बीज और पौध सामग्री पर होने वाला अतिरिक्त खर्च कम होगा।
- सब्जी और शोभाकार पौधों की पौधियाँ केवल 35 से 40 दिनों में रोपाई योग्य स्थिति में आ जाएंगी।

इस पहल से किसानों को कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध होंगे और कृषि उत्पादन की लाभप्रदता बढ़ेगी।

## राजनगर एक्सटेंशन में जीडीए का शिकंजा

# शराब की अवैध दुकानों पर ताला अतिक्रमणकारियों में हड़कंप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन में शुक्रवार को प्राधिकरण की कार्यवाही ने शराब कारोबारियों की नींद उड़ा दी। पुलिस बल की मौजूदगी में प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने दो अवैध शराब की दुकानों पर ताला जड़ दिया और पूरे इलाके में साफ संदेश दिया – अतिक्रमण और अवैध धंधा अब नहीं चलेगा।



राजनगर रेजीडेंसी के सामने एंगल पर खड़ी शराब की दुकान पर सबसे पहले कार्रवाई हुई। वहीं, 45 मीटर चौड़ी रोड पर अशोक चौधरी द्वारा करीब 400 वर्ग मीटर में फैली दुकान भी सील कर दी गई। खास यह कि ये दुकानें सड़क और फुटपाथ को कब्जाकर चल रही थीं और आए दिन जाम व अव्यवस्था की जड़ बन चुकी थीं।

लोगों का कहना था कि यह दुकानें सिर्फ अतिक्रमण नहीं थीं, बल्कि इलाके की शांति और सामाजिक माहौल पर भी धब्बा थीं। प्राधिकरण की कार्रवाई के बाद आसपास के निवासियों ने राहत की सांस ली और इसे विजयादशमी पर असली रावण दहनह्व बताया।

हालांकि कार्रवाई के दौरान कुछ विरोध भी हुआ, मगर पुलिस की मौजूदगी में सब बेअसर रहा। जीडीए ने साफ किया है कि आगे भी अवैध निर्माण और दुकानों पर इसी तरह सख्ती जारी रहेगी।

# नई पहल: आधुनिक तकनीकी से लैस रोबोट से वार्ड 56 अवंतिका में सीवर मैनहॉल की सफाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम गाजियाबाद ने जनहित में आधुनिक तकनीकी के उपयोग की नई पहल करते हुए वार्ड संख्या 56, अवंतिका में रोबोट के माध्यम से सीवर मैनहॉल की सफाई का कार्य शुरू किया। पार्षद मनोज त्यागी ने इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को धन्यवाद दिया।

### रोबोट मशीन है बेहद खास

रोबोट के माध्यम से 35 फीट गहरी लाइन की सफाई सरलता से संभव। रोबोट में लगे कैमरे और सेंसर से सफाई प्रक्रिया को स्क्रीन पर देखा जा सकता है और हानिकारक गैसों जैसे मेथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड, अमोनिया, हाइड्रोजन सल्फाइड आदि का पता लगाया जा सकता है। सफाई टीम के लिए सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित। वी ए टेक वेबग लिमिटेड की सहायता से रोबोट का संचालन।

### वार्ड 56 होली चौक में सफाई प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि बैंडीकूट रोबोट के माध्यम से नगर निगम सीमा अंतर्गत सभी वार्डों में सीवर सफाई कार्य सुविधाजनक और सुरक्षित रूप से होगा, जिससे नागरिकों को राहत मिलेगी।






वहीं पार्षद मनोज त्यागी ने कहा कि रोबोट से सफाई कम समय में पूरी हुई और क्षेत्रवासियों को भी नगर निगम की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## भरत मिलाप से लेकर श्रीराम के राजतिलक तक, भव्य मंचन ने बांधा समां

# उस्ताद अशोक गोयल ने पाँच नए खलीफाओं का किया ऐलान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री सुल्लामल रामलीला के मंच पर शुक्रवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। अनाज मंडी घंटाघर पर भरत मिलाप की मार्मिक लीला और रामलीला मैदान पर श्रीराम के भव्य राजतिलक का आयोजन हुआ।



लीला के दौरान जब हनुमान जी नंदीग्राम पहुँचकर भरत को श्रीराम के लौटने का संदेश सुनाते हैं, तो पूरा मंचन भाव-विभोर हो उठता है। अयोध्यावासियों की खुशी का दृश्य दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। श्रीराम और भरत का गले मिलना, माताओं से भेंट और गुरु वशिष्ठ के आशीर्वाद के बाद सम्पन्न हुआ राजतिलक पूरे आयोजन का सबसे भावुक पल रहा।

कार्यक्रम के समापन पर एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रोताओं ने काव्य रस का आनंद लिया।

### पाँच नए खलीफाओं की घोषणा

रामलीला कमेटी में अधिकतम 30 खलीफा बनाए जा सकते हैं। अभी तक 23 खलीफा थे। आज उस्ताद अशोक गोयल ने मंच से पाँच नए खलीफाओं की घोषणा की, जिनमें – नरेश अग्रवाल, नंदकिशोर नंदू, दिनेश कुमार (कांति शांति), संजीव मित्तल, शिवांग गर्ग – शामिल हैं।

इसके साथ अब कुल खलीफाओं की संख्या 28 हो गई है।

### आयोजन में शामिल गणमान्य

कार्यक्रम में अध्यक्ष अजय बंसल, नरेश अग्रवाल, सुधीर गोयल मोनू, संजीव मित्तल, रविंद्र मित्तल, प्रदीप मित्तल, वीरेंद्र कुमार वीरो, दिनेश शर्मा बब्बे, आलोक गर्ग, ज्ञान प्रकाश गोयल, विनय सिंघल, पार्षद नीरज गोयल सहित शहर के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।